सोमवार, 8 जून 2026

मौसम

तापमान 29 – 36
आर्द्रता 84%
सूर्योदय: 04:51 सूर्यास्त: 18:19

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : हममें भी ऐसी बहुत सी कमियां हैं जिन्हें दूसरे सहन करते हैं।



कीमतों में वृद्धि के बाद सरकार का दावा, भारत में दुनिया के अन्य देशों से सस्ता है रसोई गैस सिलेंडर पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# जहां हाथ दे रहा हूं, वहीं भ्रष्टाचार है, ब्रिगेड परेड मैदान में जेल बनाना होगा : शुभेंदु अधिकारी

## 'मैं नहीं, हम' के मंत्र पर चलेगी सरकार, कार्यकर्ताओं को दी बड़ी जिम्मेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि चुनावी संकल्पपत्र में किए गए हर वादे को पूरा करने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं, लेकिन सरकार के कामकाज में जहां भी हाथ डाला जा रहा है, वहां भ्रष्टाचार के प्रमाण सामने आ रहे हैं। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में जेल बनानी पड़ेगी। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि यदि उनकी सरकार पारदर्शिता के साथ काम करती है तो उसके परिणाम अगले 50 वर्षों तक पश्चिम बंगाल की जनता को मिलेंगे। इसी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद किसी भी प्रकार का अहंकार नहीं होना चाहिए और सभी को मिलकर एकजुट होकर काम करना होगा। उनके अनुसार, राज्य के लोगों ने भाजपा पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे गंभीरता से निभाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी इसी स्थान पर कहा था कि मैं नहीं, हम हैं। जनता की उम्मीदें बहुत बड़ी हैं, इसलिए एकजुट होकर काम करना होगा। राज्य की राजनीति पूरे



साल सक्रिय रहती है, यहां की परिस्थितियां अन्य राज्यों से अलग हैं। प्रधानमंत्री की गारंटी और जनता की अपेक्षाओं को प्राथमिकता देनी होगी। शुभेंदु अधिकारी ने यह भी कहा कि सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है, ताकि सरकारी योजनाएं वास्तविक रूप से जमीनी स्तर तक पहुंच सकें। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी के संकल्पपत्र में शामिल कई कार्य एक महीने के भीतर ही लागू कर दिए गए हैं।

### हिंसा में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवार को इसी महीने नौकरी और मुआवजा

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने हिंसा में मारे गए 315 भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। रविवार को न्यूटाउन स्थित कंवेंशन सेंटर में भाजपा के विशेष प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी महीने उन्हें सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। साथ ही, मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रत्येक परिवार को एकमुश्त पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी।

### '4,800 घुसपैठिए भेजे गए बांग्लादेश, 836 कर रहे निर्वासन का इंतजार'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सीमावर्ती जिलों में स्थापित 'निरूद्ध केंद्रों' से लगभग 4,800 अवैध प्रवासियों को बांग्लादेश भेजा जा चुका है, जबकि ऐसे लगभग 836 लोग अब भी इन केंद्रों में निर्वासन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा है और उनकी सरकार भारत-बांग्लादेश सीमा को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक 556 किलोमीटर बाड़बंदी में से लगभग 100 किलोमीटर क्षेत्र की भूमि पहले ही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सौंप चुकी है। उन्होंने कहा कि भूमि सौंपा जाना एक सतत प्रक्रिया है और देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। अधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के सीमावर्ती जिलों में स्थापित निरूद्ध केंद्रों से लगभग 4,800 अवैध प्रवासियों को वापस भेजा जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे 836 लोग अभी भी निर्वासन की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### एक अगस्त से जनगणना की तैयारी

इस दौरान, उन्होंने राज्य में जनगणना को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और 1 से 15 अगस्त के बीच घर-घर सर्वेक्षण किया जाएगा। उनके अनुसार, अगले वर्ष फरवरी तक जनगणना पूरी होने के बाद परिसीमन (डिलिमिटेशन) की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

# 'स्मार्ट' सीमाओं के लिए उन्नत भूमि पत्तन प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत करेंगे शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को भूमि पत्तन प्रबंधन प्रणाली (एलपीएमएस) की शुरुआत करेंगे जो ऐसा डिजिटल मंच है जिसे सभी भूमि बंदरगाहों के परिचालन को एक एकीकृत प्रणाली में संयोजित करने के लिए बनाया गया है। सरकार के एक बयान में कहा गया कि शाह डॉकी (मेघालय) और श्रीमंतपुर (त्रिपुरा) भूमि पत्तनों पर हितधारकों के लिए नवनिर्मित आवास सुविधाओं का भी उद्घाटन करेंगे। बयान के अनुसार, एलपीएमएस सरकारी एजेंसियों और निजी संचालकों सहित विभिन्न हितधारकों के बीच निर्बाध समन्वय को आसान बनाएगा जिससे विलंब में कमी आएगी और परिचालन दक्षता में वृद्धि होगी। यह प्रणाली माल और यात्रियों से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और सुरक्षित बनाएगी। इसके तहत 'स्लॉट बुकिंग', भुगतान, सामान या प्रक्रिया की निगरानी और एकल खिड़की के जरिए मंजूरी जैसी सुविधाएं मिलेंगी। गृह मंत्रालय के बयान में कहा गया, '' 'इंडियन कस्टम्स इलेक्ट्रॉनिक गेटवे' (आइसगेट), 'यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म' (यूएलआईपी) और मोटर वाहन पारिस्थितिकी तंत्र जैसे प्रमुख राष्ट्रीय मंचों के साथ पूरी तरह एकीकृत एलपीएमएस परस्पर संचालित, दक्ष और पारदर्शी सीमा प्रबंधन को सक्षम बनाएगा।'' बयान में कहा गया कि यह मंच साजो-सामान संबंधी और नियामकीय सूचनाओं के सुरक्षित एवं तत्काल आदान-प्रदान की सुविधा देता है। इससे भूमि पत्तनों को हवाई अड्डों और समुद्री बंदरगाहों पर संचालित डिजिटल प्रणालियों के समान स्तर पर लाया जा सकेगा।

# बंगाल में भी लागू होगी 'आयुष्मान भारत' योजना, केंद्र और राज्य सरकार के बीच आज होगा समझौता

**नई दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार सोमवार को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' में शामिल होने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी। इसके साथ ही बंगाल इस विश्व की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने वाला देश का 36वां राज्य बन जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, इस योजना के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) और पश्चिम बंगाल सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के बीच नई दिल्ली के विज्ञान भवन में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव, अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## एफपीआई ने जून के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार से 43,000 करोड़ रुपये निकाले

**नयी दिल्ली :** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से अपनी हिस्सेदारी कम करना जारी रखा है और जून के पहले सप्ताह में करीब 43,000 करोड़ रुपये की निकासी की है। यह रुझान वैश्विक पूंजी के प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े अवसरों की ओर झुकाव तथा रुपये में जारी कमजोरी के बीच देखने को मिला है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस निकासी के साथ ही वर्ष 2026 में अब तक भारतीय शेयरों से एफपीआई की कुल निकासी बढ़कर 2.67 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है, जो पूरे 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों, रुपये में गिरावट और वैश्विक बाजारों में विशेषकर प्रौद्योगिकी एवं एआई क्षेत्र में आकर्षक निवेश अवसरों के कारण एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से दूरी बना रहे हैं।

# विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की आज होगी बैठक

**नयी दिल्ली :** हालिया विधानसभा चुनावों में क्षेत्रीय आधार वाली तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की हार के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच, विपक्षी 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के 23 राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने की रणनीति फिर से तय करने और मतभेद दूर करने के लिए सोमवार को बैठक करेंगे। राष्ट्रीय राजधानी के 'कॉन्स्टीट्यूशन क्लब' में होने वाली इस बैठक में कांग्रेस के राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे, तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के उद्धव ठाकरे समेत विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि 23 राजनीतिक दलों ने सोमवार को यहां कॉन्स्टिटट्यूशन क्लब में होने वाली 'इंडिया' की बैठक में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है और इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी गुट अपनी विविधता के बावजूद एकजुट है। रमेश ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों ने अपने-अपने कारणों से इस विशेष बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई है।

# ईरान के साथ मिलकर उसके समृद्ध यूरेनियम को पुनः प्राप्त करने और नष्ट करने का काम करेंगे : ट्रंप



**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर अमेरिका तेहरान के साथ तीन महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए कोई समझौता करने में सक्षम होता है, तो वह ईरान के साथ मिलकर उसके अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम को पुनः प्राप्त करने और नष्ट करने का काम करेगा। ट्रंप ने एनबीसी न्यूज के 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि समझौते के अभाव में, वह ईरानी सेना को इस हद तक और कमजोर कर देंगे कि अमेरिकी सेनाएं सुरक्षित रूप से अपने दम पर विखंडनीय सामग्री एकत्र कर सकें। उन्होंने कहा, अगर हम यह समझौता कर लेते हैं कि अब हम मित्रवत हैं, तो हम सब साथ जाएंगे। यह हमारा उपकरण होगा। हम इसे बाहर निकालेंगे और नष्ट कर देंगे, चाहे वह (संयंत्र) परिसर में हो या परिसर से बाहर ले जाया जाए।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह ईरान के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बहुत करीब हैं, लेकिन वह ईरान पर और आगे बढ़ने और अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को पूरी तरह से त्यागने के लिए प्रतिबद्ध होने का दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कहा, अब, अगर हम कोई समझौता नहीं करते हैं, तो हम उन्हें सैन्य रूप से बहुत सख्ती से बाहर निकालेंगे।

## ईरान ने युद्धविराम के बाद इजराइल पर पहली बार मिसाइलें दागीं: इजराइल

**यरूशलम :** इजराइल ने कहा है कि ईरान ने उस पर मिसाइलें दागी हैं जो अप्रैल की शुरुआत में नाजुक युद्धविराम लागू होने के बाद ईरान की ओर से किया गया इस तरह का पहला हमला है। इस हमले के बाद युद्ध समाप्त करने के मकसद से समझौते के लिए मध्यस्थता के प्रयास और जटिल हो गए हैं। तेहरान ने रविवार को इजराइल द्वारा बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला किए जाने के बाद जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

# भूटान में आए भूकंप के झटके सिक्किम और उत्तरी बंगाल तक महसूस किए गए

**गंगटोक/कोलकाता :** भूटान में रविवार देर रात आए 5.6 तीव्रता के भूकंप के झटके सिक्किम और उत्तरी बंगाल के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि झटके कुछ सेकंड तक महसूस किए गए और इन राज्यों में किसी तरह के जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। 'अमेरिका भूगर्भीय सर्वेक्षण' के अनुसार, भूकंप भूटान के पुनाखा के पास रात 11.06 बजे आया। गंगटोक और सिक्किम के अन्य हिस्सों के निवासियों ने बताया कि उन्होंने कुछ सेकंड तक झटके महसूस किए, जिसके कारण कई लोग एहतियात के तौर पर अपने घरों से बाहर निकल आए। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। सिलीगुड़ी शहर के कुछ स्थानों और पश्चिम बंगाल के कूच बिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों के लोगों ने बताया कि उन्होंने झटके महसूस किए और वे अपने घरों से बाहर निकल गए। अधिकारियों ने बताया कि भूटान से सटे उत्तरी बंगाल के इन स्थानों में किसी के घायल होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई सूचना नहीं मिली है।

# शुभेंदु ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर 125 फुट की प्रतिमा

## स्मारक बनाने की घोषणा की

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में 125 फुट ऊंची प्रतिमा, एक स्मारक और एक पुस्तकालय बनाने सहित उनकी याद में कई पहलों की रविवार को घोषणा की। शुभेंदु ने दमदम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने स्मृति योजना के तहत इन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा, ''मुखर्जी को सम्मानित करने के लिए खरीदी गई जमीन पर 125 फुट ऊंची प्रतिमा, एक स्मारक और एक पुस्तकालय बनाया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि 1947 में विभाजन के दौरान भारतीय संघ के भीतर पश्चिम बंगाल के गठन में मुखर्जी और स्वामी प्रणवानंद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने उनके योगदान को कम करके दिखाने की कोशिश की। मुख्यमंत्री ने कहा, ''पश्चिम बंगाल के निर्माण का इतिहास और इसमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा स्वामी प्रणवानंद की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता।'' उन्होंने यह भी घोषणा की कि 20 जून को पश्चिम बंगाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इससे पहले राज्य का स्थापना दिवस पोइला बैसाख पर मनाया जाता था। शुभेंदु ने 'नव निर्माण' के अपनी सरकार के व्यापक दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए दावा किया कि ''वाम मोर्चे के 34 साल के शासन और तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन'' के बाद राज्य पिछड़ गया है। उन्होंने राज्य के पुनर्निर्माण में लोगों की भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने घोषणा की कि लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिलाने में मदद के लिए 15, 16 और 17 जून को हर ब्लॉक और नगर निकाय में जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



## खाद्य जनित बीमारियों से आज भी 60 करोड़ लोग बीमार पड़ते हैं

संयुक्त राष्ट्र द्वारा सात जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व स्वास्थ्य संगठन और खाद्य और कृषि संगठन को खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी दी है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2026 का विषय बोझ से समाधान तक – हर जगह सुरक्षित भोजन है। यह दिवस सुरक्षित, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम, वैश्विक सहयोग और खाद्य सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत बनाने पर जोर देता है। यह दिन अब रश्मि होता जा रहा है। ढोल नगाड़ा पीटने से न गरीबी दूर होगी और न हीं भूखे को खाना मिलेगा। यह हमारी जमीनी सच्चाई है जिसे स्वीकारना ही होगा।

मानव जीवन के लिए खाद्य पदार्थों की सुरक्षा अति महत्वपूर्ण है। लोगों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का प्रकृति प्रदत अधिकार है। राज्य का दायित्व है कि प्रकृति की ओर से प्रदान किए गए अधिकारों का संरक्षण और संवर्धन करे। खाद्य सुरक्षा का अधिकार भी इसमें शामिल है। वैश्विक आंकड़ों के अनुसार, हर वर्ष लगभग 60 करोड़ लोग असुरक्षित भोजन के कारण बीमार पड़ते हैं, जबकि करीब 4.2 लाख लोगों की मृत्यु खाद्य जनित बीमारियों से जुड़ी मानी जाती है। इनमें पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे सबसे अधिक जोखिम में रहते हैं। असुरक्षित भोजन न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि आर्थिक उत्पादकता और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी गंभीर दबाव डालता है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हम ऐसे समय में मनाने जारहे है जब भारत भूख और गरीबी के दल दल से बाहर निकलने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पूरी दुनिया में विशेष रूप से संकट के समय खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना है। भारत सहित दुनिय के अनेक देशों ने संकट में अपने जरुरतमंद देशवासियों की मदद के लिए हाथ बँटाये है मगर यह नाकाफी है।

खाद्य पदार्थ की बर्बादी प्रमुख समस्या बन गई है। दुनिया भर में सभी खाद्य पदार्थों का लगभग 50 प्रतिशत बर्बाद हो जाता है और कभी भी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचता है। मानव उपभोग के लिए लगभग एक तिहाई भोजन विश्व स्तर पर बर्बाद हो जाता है। दुनिया में लाखों लोग भूखे पेट सोने को मजबूर है या आधा पेट खाकर जीवन जीते हैं, वही कुछ ऐसे भी लोग हैं जो बहुत सारा भोजन बर्बाद कर देते हैं। विकासशील देशों में सबसे अधिक अन्न सही रख-रखाव न हो पाने के कारण भी बर्बाद हो जाता हैं जो बेहद चिंतनीय है। अन्न या भोजन की बर्बादी के प्रति हम सबको जागरूक होना चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए ताकि एक सशक्त समाज और देश का निर्माण हो सके।

खाने की बर्बादी को लेकर दुनियाभर में चिंता व्यक्त की जा रही है। यही भोजन यदि गरीबों को सुलभ कराया जाये तो भूखे पेट सोने वालों की कमी आएगी। भारत भी खाना बर्बाद करने वाले देशों में शामिल है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने खाने की बर्बादी को लेकर डराने वाले आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक भारत में हर साल प्रति व्यक्ति 50 किलो खाने की बर्बादी हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा खाना लोग अपने घरों के भीतर बर्बाद करते हैं। वे जरूरत से ज्यादा खाना बनाकर फिर बचे खाने को फेंकते संकोच नहीं करते। होटलों और खाने-पीने के दूसरे स्थान भी इस कार्य में आगे है। खुदरा दुकानदार भी अनाज का ठीक से भंडारण नहीं कर पाते और खराब होने पर उसे फेंकना पड़ जाता है।

आपने कई बार सुना होगा कि लोग अपना खाना बर्बाद करते हैं या आपने अपने घर में सुना होगा कि, आपके माता-पिता हमेशा आपको खाने को बर्बादी न करने की सलाह देते हैं, क्योंकि वे बखूबी समझते है कि खाना उनके लिए क्या माइने रखता है। एक कहावत बड़ी प्रचलित है कि इतना ही लो थाली में जो ना जाए नाली में। लेकिन आज इस बात पर कोई ध्यान नहीं देता है। इस समस्या के समाधान के ठोस उपाय करने के लिए सभी संबद्ध व्यक्तियों संस्थाओं को प्रोत्साहित करना है। यह दिन अब रश्मि होता जारहा है। ढोल नगाड़ा पीटने से न खाद्य सुरक्षा होगी और न हीं भूखे को खाना मिलेगा। यह हमारी जमीनी सच्चाई है जिसे स्वीकारना ही होगा।

**–बाल मुकुन्द ओझा**

## राजस्थान: फर्जी एफएमजी सर्टिफिकेट मामले में तीन चिकित्सक गिरफ्तार

**जयपुर:** राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई कर भारत लौटे चिकित्सकों को कथित तौर पर फर्जी एफएमजी (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट) स्क्रीनिंग परीक्षा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन चिकित्सकों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, जांच में सामने आया कि एफएमजी परीक्षा में सफल नहीं हो पाने वाले कई अभ्यर्थियों ने लाखों रुपये खर्च कर कूटरचित प्रमाण पत्र तैयार करवाए और उनके आधार पर राजस्थान मेडिकल काउंसिल (आरएमसी) में पंजीयन कराकर विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप भी की। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसओजी) विशाल




बंसल ने बताया कि चौमूं निवासी दीपक यादव (28), डीग निवासी राजू गुर्जर (28) और अलवर जिले के कठूमर निवासी नरेश गुर्जर (30) को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि दीपक यादव ने कजाखस्तान से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद कई बार एफएमजी परीक्षा दी लेकिन सफल नहीं हो सका। अधिकारी ने बताया कि यादव ने कजाखस्तान में उसके साथ पढ़ने वाले विजय सैनी के माध्यम से मुख्य आरोपी भानाराम माली के नेटवर्क से जुड़कर 24 लाख रुपये में कथित तौर पर फर्जी प्रमाण पत्र बनवाया और उसके आधार पर दौसा में राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इंटर्नशिप की। बंसल ने बताया कि इसी प्रकार राजू गुर्जर ने 27 लाख रुपये देकर कूटरचित प्रमाण पत्र कथित तौर पर हासिल किया और हनुमानगढ़ स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इंटर्नशिप की। उन्होंने बताया कि वहीं नरेश गुर्जर ने 23 लाख रुपये में फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर अलवर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से इंटर्नशिप पूरी की। अधिकारी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि नरेश ने अन्य कई अभ्यर्थियों के लिए भी फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने में भूमिका निभाई।

## बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत



**पटना:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत रविवार को बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, भागवत पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे और वह मुंगेर रवाना होंगे, जहां वह तीन दिन यानी नौ जून तक ठहरेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भागवत का स्वागत किया। भागवत के मुंगेर दौरे को देखते हुए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। आरएसएस सूत्रों के मुताबिक, भागवत का यह तीन दिवसीय दौरा संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों ने कहा, मुंगेर प्रवास के दौरान वह स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे, 'संघ शिक्षा वर्ग' में भाग लेंगे तथा विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम मुंगेर के पुरानीगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरएसएस प्रमुख के आगमन को लेकर स्थानीय स्वयंसेवकों में काफी उत्साह है।

## 'राम मंदिर' में चढ़ावे में आए करोड़ों रुपये गायब : अखिलेश यादव

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया कि अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में आए करोड़ों रुपये गायब हो गये। यादव ने इस मामले में अदालत से स्वतः संज्ञान लेने का अनुरोध किया। उन्होंने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील समाचार है कि 'राम मंदिर' के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पायी गई है। यादव ने पोस्ट में कहा, ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है। कोई भी सफाई देने के लिए



सामने नहीं आना चाहता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, अदालत से स्वतः संज्ञान लेने की मांग है क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी और निर्मोही अखाड़े के महंत दिनेन्द्र दास ने अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पत्रकारों से कहा, अगर इस मामले में किसी ने कुछ गलत किया है, तो भगवान राम स्वयं उन्हें दंडित करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और सरकार द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय ट्रस्ट को स्वीकार्य है। दास ने कहा, अगर कोई गलती हुई है, तो वह सामने आ जाएगी। अगर कोई कुकर्म हुआ है, तो जिम्मेदार लोगों को उसके परिणाम भुगतने होंगे।

## बिहार के एक आवासीय स्कूल में लड़के का शव मिला

**मधेपुरा:** बिहार के मधेपुरा जिले में एक आवासीय विद्यालय के परिसर में छह वर्षीय बच्चे का शव मिला। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बच्चे का शव शनिवार देर रात मुरलीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्कूल परिसर में शौचालय के पाइप से बंधा हुआ मिला। मुरलीगंज के थाना प्रभारी (एसएचओ) नूरुल हक ने बताया, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चलेगा। बच्चे की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## वाराणसी में मांस की सभी दुकानें शहर के बाहर स्थानांतरित करने का निर्णय

**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के वाराणसी नगर निगम ने शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ रखने की दिशा में कदम उठाते हुए अब मांस और मछली की सभी दुकानें शहर की सीमा से बाहर स्थानांतरित करने का फैसला किया है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को मैदागिन स्थित टाउन हॉल भवन में हुई सदन की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगी। श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में शहर के विकास पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें मांस के बाजारों को शहर के बाहर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सदन को बताया कि इस योजना के प्रथम चरण में पांच स्थानों का चयन किया जा चुका है और यह सभी स्थान शहर की बाहरी सीमाओं के करीब स्थित है, जिससे आम जनता को कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आगामी दिनों में शहर के भीतर मांस की दुकानों को रामनगर, शुजाबाद, गणेशपुर, अवलेशपुर और शिवपुर क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाएगा। श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में अभी लगभग 350 से 400 मीट व मछली की दुकानें हैं। पार्षद गुलशन अली ने नगर पालिका परिषद की बैठक में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि मांस और मछली की दुकानों को शहर की सीमा से बाहर ले जाने का प्रस्ताव लगभग एक साल पहले लाया गया था लेकिन इसे अभी तक ठीक तरीके से लागू नहीं किया गया।

## नहर में नहाने गए तीन सगे भाइयों की डूबने से मौत, 20 घंटे बाद मिले शव

**एटा/कासगंज:** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले की नदरई हजारा नहर में नहाने के दौरान डूबे हाथरस के तीन सगे भाइयों के शव लगभग 20 घंटे तक चले खोज एवं बचाव अभियान के बाद बरामद कर लिए गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पीएसी बाढ़ इकाई और पुलिस की संयुक्त टीम ने तीनों शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि हाथरस जिले के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के टिकरी नगला गांव निवासी जयप्रकाश (25), अजय (24) और छोटू (22) शनिवार को अपने मित्र सुमित के साथ नदरई हजारा नहर में नहाने आए थे। पुलिस के मुताबिक, नहाने के दौरान तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे हालांकि सुमित किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया लेकिन तीनों भाई तेज बहाव में बह गए। पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही संयुक्त रूप से खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को जयप्रकाश का शव घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर और छोटू का शव लगभग ढाई किलोमीटर दूर बरामद किया गया। अधिकारी ने बताया कि लगातार तलाशी के बाद तीसरे भाई अजय का शव भी बरामद कर लिया गया।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा

**संत कबीर नगर:** उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले में शनिवार रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला के परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि घटना बखिरा थाना क्षेत्र के तिघरा गांव में हुई और मृतका की पहचान कुसुम (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई जितेंद्र कुमार ने बखिरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, कुसुम की शादी वर्ष 2023 में तिघरा निवासी कन्हैया से हुई थी और शादी के बाद से ही पति व ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए उसकी बहन को प्रताड़ित कर रहे थे। जितेंद्र ने आरोप लगाया कि छह जून की रात ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर कुसुम की हत्या कर दी और इसे आत्महत्या दिखाने के लिए शव को फंदे से लटका दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति कन्हैया कन्नौजिया समेत ससुराल पक्ष के तीन अन्य सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड के चतरा में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**चतरा:** झारखंड के चतरा जिले में एक जांच चौकी के पास पुलिस बैरिकेड से मोटरसाइकिल टकराने से दो लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार को बागरा-रांची मुख्य मार्ग पर जब्बा जांच चौकी के पास हुई। मृतकों की पहचान गणेश भुइयां (18) और बसंत भुइयां (20) के रूप में हुई है। दोनों दुंदुआ गांव के निवासी थे। सिमरिया थाना प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह ने बताया कि दोनों लोग बाजार से घर लौट रहे थे और तेज गति के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि दोनों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहन रखा था। सिंह ने कहा, 'दोनों को तत्काल सिमरिया रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने मथुरा के द्वारकाधीश मंदिर में की पूजा-अर्चना



**मथुरा (उप्र):** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने रविवार को मथुरा के ठाकुर द्वारकाधीश महाराज मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के अधिकारियों ने बताया कि न्यायमूर्ति भंसाली ने अपनी पत्नी, रजिस्ट्रार जनरल मंजीत सिंह सिरोही और मथुरा तथा आगरा के जिला न्यायाधीशों के साथ द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किये। मंदिर के मीडिया और कानूनी मामलों के प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का मंत्रोच्चार के बीच स्वागत किया गया और उन्हें मंदिर के इतिहास और परंपराओं के बारे में जानकारी दी गयी। तिवारी ने बताया कि मंदिर प्रशासन ने उन्हें पारंपरिक अंगवस्त्र, प्रसाद और एक स्मृति-चिह्न प्रदान किया। न्यायमूर्ति भंसाली ने अपनी यात्रा के दौरान मंदिर के गोस्वामी तृतीय पीठाधीश्वर वागीश कुमार महाराज से भी मुलाकात की। मंदिर के अधिकारियों ने बताया कि ब्रज क्षेत्र के अपने दौरे के दौरान मुख्य न्यायाधीश का कोसी के कोकिलावन में शनि मंदिर, वृंदावन में इस्कॉन मंदिर, नीम करौली बाबा समाधि स्थल, टटिया आश्रम और वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर जाने का भी कार्यक्रम है।

## 2022 में कांग्रेस में हुआ राजनीतिक घटनाक्रम पार्टी आलाकमान के खिलाफ विद्रोह नहीं था: गहलोत

**जयपुर:** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को कहा कि 25 सितंबर 2022 को कांग्रेस की राज्य इकाई में हुआ घटनाक्रम पार्टी आलाकमान के खिलाफ विद्रोह नहीं था बल्कि विधायकों के बीच सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावनाओं को लेकर असहमति थी। गहलोत ने कहा कि सचिन पायलट को सच्चाई स्वीकार करनी चाहिए क्योंकि सच्चाई का कोई विकल्प नहीं होता। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय वह कांग्रेस अध्यक्ष बनने की कतार में थे लेकिन परिस्थितियां ऐसी बनीं कि साजिश जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और उनकी छवि खराब हुई। उन्होंने सोनिया गांधी के सामने इस बात के लिए खेद व्यक्त किया कि बैठक में प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। गहलोत ने कहा, 25 सितंबर की घटना उस व्यक्ति (सचिन पायलट) के खिलाफ थी, जिसका नाम मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल था। यह आलाकमान के खिलाफ विद्रोह नहीं था। उन्होंने कहा कि विधायकों ने आलाकमान के प्रति निष्ठा दिखाई और सरकार बचाई। गहलोत सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे पायलट ने 2020 में गहलोत नेतृत्व के खिलाफ बगावत की थी। पायलट और कुछ विधायक हरियाणा के मानेसर में ठहरे थे और इस बगावत से राज्य में राजनीतिक संकट उत्पन्न हुआ, जिसे पार्टी नेतृत्व ने हस्तक्षेप कर सुलझाया। गहलोत ने कहा कि उनके खिलाफ विद्रोह की धारणा पायलट के सहयोगियों ने बनाई, जो गलत थी। उन्होंने कहा कि जब भी आलाकमान मुख्यमंत्री बदलने का निर्णय करता है, अधिकांश विधायक नए मुख्यमंत्री के साथ हो जाते हैं। गहलोत ने कहा, सचिन पायलट को यह समझना चाहिए। वह 15-20 साल से राजनीति में हैं और अनुभव हासिल कर चुके हैं। हम उनके दुश्मन नहीं हैं। मैं उनके परिवार से बचपन से मिलता रहा हूं।

## झारखंड के विकास के लिए भाजपा सबसे उपयुक्त विकल्प : नितिन नवीन

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को कहा कि पार्टी अपने नेतृत्व और समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर झारखंड के विकास और प्रगति को सुनिश्चित करने की सबसे बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता पहले भी भाजपा का समर्थन कर चुकी है और राज्य के गठन में पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नवीन ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि केवल भाजपा का नेतृत्व और उसके समर्पित कार्यकर्ता ही झारखंड के विकास और प्रगति को सुनिश्चित करने की सबसे बेहतर स्थिति में हैं।'' भाजपा अध्यक्ष राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आए थे और इस दौरान उन्होंने कई संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग



लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है और उन्हें विश्वास है कि पार्टी राज्य में फिर से सत्ता में लौटेगी। नवीन ने कहा, 'विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान मेरी पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात हुई। जिस उत्साह से उन्होंने हमसे बातचीत की, उससे मुझे विश्वास है कि झारखंड भाजपा के लिए उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। हम यहां पार्टी की जड़ों को और मजबूत करने में सफल होंगे।'' इससे पहले, दिन में उन्होंने रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू, जिला अध्यक्षों, प्रभारियों और राज्य स्तरीय टीमों के साथ संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की। भाजपा की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, बैठक को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि वर्तमान संगठनात्मक ढांचा वर्ष 2029 के चुनावों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, 'यही टीम आगामी चुनावों का नेतृत्व करेगी। पिछले चुनावों से सीख लेते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को अभी से 2029 की तैयारियों में जुट जाना चाहिए।'

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 जून, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष अष्टमी, 27:22 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 08:58 तक, योग : विष्कंभ, 09:24 तक, सूर्योदय: 04:51, सूर्यास्त: 18:19, चन्द्रोदय : 00:04, चन्द्रास्त: 12:05, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 07:13 से 08:53

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आर्थिक रूप से काफी सुखद संकेत दे रहा है। बृहस्पतिदेव और शुक्रदेव का मिला-जुला प्रभाव आपके घर या प्रॉपर्टी से जुड़े रुके हुए कामों में गति लाएगा।

**वृष :** आज थोड़ा रुककर चलना ही बुद्धिमानी है, क्योंकि हड़बड़ी में लिए गए फैसले आज काम के नहीं होंगे। शुक्रदेव का प्रभाव शाम से आपके लिए कामकाज में कुछ नए और सुनहरे मौके ला सकता है।

**मिथुन :** आज आपकी बुद्धिमानी और निर्णय लेने की क्षमता तेज रहेगी। अपनी कमाई के नए और बेहतरीन तरीके ढूंढ पाएंगे। आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स ही आज आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेंगी।

**कर्क :** आज गुरुदेव और शुक्रदेव का साथ आर्थिक तरक्की लेकर आ रहा है। आप अपनी जीवनशैली को बेहतर बनाने के लिए थोड़ा खर्च कर सकते हैं, पर बहुत ज्यादा आत्मविश्वास से आज बचें।

**सिंह :** पैसों के मामले में आज थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। सट्टेबाजी या जोखिम भरे निवेश से आज बिल्कुल दूर रहें। आज चुप-चाप मेहनत करना आपको दिखावे से ज्यादा पहचान दिलाएगा।

**कन्या :** आज का दिन सामाजिक मेलजोल और नेटवर्किंग से मुनाफा लाने वाला है। ऑफिस में आपकी ऑर्गनाइजेशन स्किल्स की आज जमकर तारीफ होगी।

**तुला :** करियर में आज तरक्की का नया दौर शुरू हो रहा है। शुक्रदेव आज आपके करियर क्षेत्र को प्रभावित कर रहे हैं, जो आपके लिए नई जिम्मेदारी मिलने के पक्के संकेत हैं।

**वृश्चिक :** आज अपनी शिक्षा या नई स्किल सीखने पर थोड़ा ध्यान दें, यह आने वाले कल के लिए सबसे बड़ा निवेश है। धीरे-धीरे ही सही, पर आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

**धनु :** आज टैक्स, पुराने कर्ज या साझा पैसों के मामलों को निपटा लें, तो मन बहुत हल्का हो जाएगा। शाम को शुक्रदेव के गोचर से आपको आर्थिक बोझ कम करने के नए रास्ते मिलेंगे।

**मकर :** मकर राशि के दोस्तों के लिए एग्रीमेंट या पार्टनरशिप के मामलों में बहुत सोच-समझकर चलने वाला है। बात को जितना सरल और स्पष्ट रखेंगे, उतना ही बेहतर परिणाम आपको मिलेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातक आज अपने आर्थिक लक्ष्यों को लेकर काफी केंद्रित रहने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में आज काम का दबाव थोड़ा बढ़ सकता है।

**मीन :** मीन राशि के लोग आज शनिदेव के अनुशासन और सीख को अपने जीवन में उतारें। शाम को शुक्रदेव का गोचर आपकी पढ़ाई से जुड़े कार्यों में धन लाभ के योग बना रहा है।

## वर्ग पहेली नं. 3463

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | | | | | ■ |
| 10 | | | ■ | ■ | | ■ | 11 | | |
| | ■ | 12 | | ■ | | ■ | 13 | | ■ |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | 16 | ■ | 17 | 18 |
| 19 | | ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 | ■ | |
| | ■ | 23 | | ■ | 24 | | | 25 | |
| 26 | 27 | | ■ | 28 | | | ■ | | ■ |
| 29 | | ■ | 30 | | | ■ | 31 | | |

*बायें से दायें:-* 2) अनुभव, 5) सफ़ेद होना *(बाल)*, 7) नगर, 9) बलिदानी, 10) शादी, 11) सामने, 12) आत्मविश्वास, 13) एक इंद्रिय, 14) एक फल, 15) बहुत सुंदर, 17) शताब्दि, 19) शागिर्द, 20) रुका हुआ, 21) दूर स्थित व्यक्ति के संकेत का शब्द, 23) जहाज़ों का समूह; मुश्किल *(काम)*, 24) बेकार, 26) अधिवक्ता, 28) सिर्फ़, 29) जल, 30) स्वतंत्र, 31) विपरीत रूप देना *(मित्र को शत्रु)*.

*ऊपर से नीचे:-* 1) सलाह, 2) सजीला, 3) जलीय अंश; स्वाद, 4) सब ऋतुआ म फलने-फूलनेवाला, 5) थाली में खाना लगाना, 6) सोच-विचार; ख़ीचातानी, 8) वायु, 14) समय, 15) मैं का बहु-वचन, 16) पारशी नववर्षा-रंभ, 18) सेवा, 19) आगाही; ख़तरे की पूर्वसूचना, 20) शीतकाल, 22) मक्कायात्रा, 23) बिना तने का पौधा, 24) असीम, 25) दफनाना, 27) तोता, 28) सुख; लुत्फ़.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | ■ | ब | ल्ल | म | ■ | स | भा | स | द |
| धी | र | ज | ■ | ज़े | व | रा | त | ■ | ग |
| ■ | ■ | रं | जी | दा | ■ | ह | ■ | ब | ल |
| प | लं | ग | ■ | र | च | ना | त्म | क | ■ |
| ■ | बे | ■ | अ | ■ | र | ■ | ■ | ब | त्रा |
| ब | द | हा | ल | ■ | प | री | क्ष | क | ■ |
| ह | र | ■ | म | दि | रा | ■ | म | ■ | पि |
| क्रा | ■ | वा | स्त | व | ■ | य | ता | या | त |
| वा | लि | द | ■ | स | फ़े | द | ■ | क | र |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3421

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| 1 | | | | 4 | 6 | | | |
| 9 | | 2 | | 8 | | | 1 | 3 |
| | | | | | 4 | | | |
| 3 | | | 8 | | | | | |
| | | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | 1 | 4 | | 3 | 9 | | | 8 |
| | | | | | | 9 | 5 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3420 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 7 | 1 | 6 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 2 | 8 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 5 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 8 |



मंत्री तापस राय का सम्मान करते समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय, जतन पारेख, उद्योगपति रतन चौधरी, परमेश्वर सिंह



मंत्री श्रीमती पूर्णिमा चक्रवर्ती का स्वागत करते विकास जायसवाल, विनोद अग्रवाल



मंत्री उमेश राय का सम्मान करते नलिन विलोचन, कमल दुगड़, विनोद अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद राय, प्रमोद दुगड़



विधायक रितेश तिवारी का सम्मान करते नलिन विलोचन, समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय, अरविन्द ठाकुर, संदीप गुप्ता



विधायक संजय सिंह का सम्मान करते समाजसेवी हरीश चन्द्र जायसवाल, सुरेश जायसवाल, अजय जायसवाल, समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद साव, राजेन्द्र प्रसाद राय एवं महेन्द्र जायसवाल

# समाज्ञा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बंगाल की जनता की जय-जयकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के विधान सभा चुनाव में भारी जीत पर मंत्रियों एवं जीते विधायकों का सम्मान समाज्ञा और **गंगेश्वर महादेव सेवा ट्रस्ट** के संयुक्त तत्व-ावधान में कोलकाता महानगर के मशहूर द कॉन्क्लेव में आयोजित किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री एवं राज्य मंत्री के साथ भाजपा के जीते हुए विधायक, कद्दावर नेता एवं देश की गणमान्य उद्योगपति उपस्थित थे। इस अवसर पर सम्मान के साथ-साथ जीत और जीत के मुख्य कारणों पर विशेष व्याख्यान भी मंत्रियों और विधायकों द्वारा रखा गया। पश्चिम बंगाल का वर्तमान में सिंहावलोकन करते हुए भविष्य पर गहन चिंतन किया गया। सभी वक्ताओं ने पश्चिम बंगाल चुनाव में जीत का श्रेय एकमत से जनता को दिया। समारोह में उपस्थित हुए सरकार में कैबिनेट मंत्री तापस राय, राज्य मंत्री उमेश राय, पूर्णिमा चक्रवर्ती, विधायक जोड़ासांको - विजय ओझा, काशीपुर बेलगछिया - रितेश तिवारी, बाली - संजय सिंह, विधायक चांपदानी दिलीप सिंह, विधायक (बिहार) सुजीत



सम्मान समारोह का शुभारम्भ कर दीप प्रज्जलित करते विधायक रीतेश तिवारी, पार्षद संतोष पाठक, समाजसेवी कमल दुगड़, प्रमोद दुगड़, समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय एवं राजेन्द्र प्रसाद राय

कुमार, भाजपा के चौरंगी विधान सभा के प्रत्याशी, कोलकाता नगर निगम के पिछले बीस सालों से पार्षद, लड़ाकू नेता संतोष पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता (हावड़ा मध्य) बिप्लव मंडल, कोलकाता एवं अन्य राज्यों से आये विशिष्ट समाजसेवी एवं उद्योगपति सच्चिदानंद राय, कमल दुगड़, प्रमोद दुगड़, जतन पारीक, ऋषिकांत राय, राजेंद्र प्रसाद राय, अनिल कुमार राय, नलिन विलोचन, अरविन्द कुमार ठाकुर, अविनाश कुमार सिंह, बिनोद अग्रवाल, रतन चौधरी, जतन पारेख, नन्दकिशोर लाखोटिया, प्रतिक राय, प्रशांत कुमार, संदीप गुप्ता, विक्रांत सिंह, रविंद्र सिंह दीपक, मनमोहन बागरी, मनोज तिवारी, नवीन जायसवाल, सुरेंद्र बोरल, चंद्रेश मेघानी, परिमल अजमेरा, डॉ अनिरुद्ध प्रताप राय, परमेश्वर सिंह, भोला सोनकर, हरीश जायसवाल, विकास जायसवाल, सुरेश जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद साव, अजय गुप्ता, महेंद्र जायसवाल,अभिषेक वर्मा, उमाकांत अग्रवाल, विजय जायसवाल (पतंजलि), सुजीत अग्रवाल, रमेश ठाकुर, अवधेश राय, अरविन्द पाण्डेय, राजीव सिन्हा, जयंत गुप्ता, गोपाल सील, अंबरीश सिंह, प्रभात सिंह उपस्थित रहे। त्रिलोक नाथ पाण्डेय ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।



विधायक विजय ओझा का सम्मान करते मनोज तिवारी,सौरभ अग्रवाल, जतन पारेख,भोला सोनकर



विधायक दिलीप सिंह का सम्मान करते प्रदीप पटवा, समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय, राजेंद्र प्रसाद राय, विनोद अग्रवाल, उमाकांत अग्रवाल

## निष्पक्ष आलोचना पत्रकारिता का धर्म होना चाहिए : तापस राय

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार में कैबिनेट मंत्री तापस राय जो अपनी बेवाक टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं, समारोह के आयोजक समाचार पत्र समाज्ञा की ओर इशारा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय और सामाजिक हितों का ध्यान रखते हुए निष्पक्ष आलोचना एक पत्रकार का धर्म होना चाहिए। एक समाचार पत्र और उसके पत्रकार को भयमुक्त होकर पत्रकारिता करनी चाहिए। जनता के आशीर्वाद से एक ऐतिहासिक जीत मिली है जिसका किसी को



भी पूर्वानुमान नहीं था। दो सौ पर होगा किसी ने ऐसी कल्पना भी नहीं की होगी लेकिन जनता ने इसे कर दिखाया। समाज का एक बड़ा तपका और खासकर व्यापारी वर्ग सोचता था 4 मई को वो फिर जीत गए तो क्या होगा? राज्य की जनता ने ममता को भी हराया और तृणमूल सरकार को भी, इससे पूरे बंगाल में खुशियाली का माहौल है। पिछली सरकार ऋण का बहुत बड़ा बोझ डाल गयी है। जनता को उम्मीदें भी नयी सरकार से ज्यादा हैं, मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूँ कि नयी सरकार में सभी क्षेत्र में विकास कार्य होंगे।

## मैं तो संत्री था, जाने क्या हुआ मंत्री बना दिया : उमेश राय

**कोलकाता, समाज्ञा :** समारोह में अपने उद्बोधन में राज्य मंत्री ने कहा कि मैं तो पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता था, पार्टी ने मुझपर विश्वास जताया और चुनाव का टिकट दिया। मैं जीतकर ही बहुत खुश था लेकिन उच्च नेतृत्व को जाने ऐसा क्या लगा कि एक संत्री को मंत्री बना दिया। 20-25 दिनों की अल्प अवधि में ही लोगों को पता चल गया होगा कि आगाज़ ऐसा है तो अंजाम क्या होगा। प्रदेश का जो पिछली सरकारों में बेड़ा गर्क हुआ है उसे



रातों-रात चुटकी में तो ठीक नहीं किया जा सकता। राज्य मंत्री होने के नाते यहाँ उपस्थित लोगों और राज्य की जनता को मैं बता देना चाहता हूँ कि आने वाले पांच सालों में विकासशील बंगाल की रूप-रेखा तैयार होगी। उसके बाद के पांच साल में पश्चिम बंगाल का विकसित राज्यों की श्रेणी में एक विशिष्ट स्थान होगा। यहाँ उपस्थित समाज के प्रबुद्ध जनों को मैं यह आश्वासन देता हूँ कि आपका कोई भी काम हो एक मंत्री के रूप में मेरे मंत्रालय या अन्य किसी मंत्रालय का हो मैं पूरी चेष्टा और ईमानदारी से करने का प्रयास करूँगा।

## राधा-माधव ने सेविका को जनसेवा का आदेश दिया : पूर्णिमा चक्रवर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** समारोह में जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि मैं राधा-माधव की सेविका हूँ। पार्टी ने एक सामान्य कार्यकर्त्ता को टिकट दिया, जनता ने मुझपर भरोसा जताया और उसके आशीर्वाद से मुझे जीत मिली। राधा-माधव की कृपा से उच्च नेतृत्व का एक मंत्री के रूप में जनता की सेवा करने का आदेश हुआ। मैं पूरी निष्ठा और लगन के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करूंगी। पश्चिम बंगाल की जनता का मैं बहुत धन्यवाद करना चाहती हूँ जिसने खेला होबे-खेला होबे का नारा देने वाली सरकार और ममता बनर्जी के साथ ही इस बार खेला कर दिया। वर्षों की अत्याचारी, अनाचारी,



भ्रष्टाचारी, अधर्मी और तोलाबाज़ी सरकार का आपने विसर्जन कर दिया। मैंने तो कुछ किया ही नहीं, सारा खेला जनता ने ही कर दिया। मैं इस सम्मान के लिए आप सभी के साथ समाज्ञा के संपादक और चन्दन का आभार व्यक्त करती हूँ।

## राज्य की चरमरायी व्यवस्था को देखकर आश्चर्य होता है : रितेश तिवारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** काशीपुर बेलगछिया विधान सभा के नव निर्वाचित विधायक और ओजस्वी भाषा के धनी रितेश तिवारी ने अपने संबोधन की शुरुआत एक सरकारी अस्पताल की हाल की घटना से की जिसमें बतौर विधायक उन्होंने हिस्सा लिया था। एक कर्मचारी या अधिकारी अपने डिपार्टमेंट की स्ट्रेंथ नहीं बता पा रहा है। ऐसी स्थिति में नयी सरकार को लंबी लड़ाई लड़नी है। पिछली सरकार की कुपोषित व्यवस्था को सुधारने के लिए काफी मेहनत करनी



पड़ेगी। दशकों की अव्यवस्था दिनों में सुधरने वाली नहीं है। जनता ने जो भाजपा में विश्वास जताया है उस विश्वास पर खरा उतरने में समय लग सकता है, लेकिन शुरूआत हो चुकी है। यह चुनाव आम चुनाव नहीं था। इसमें महिलाओं की अस्मिता, युवाओं का भविष्य, सनातन की धार्मिक प्रासंगिकता सबकुछ दाव पर था। और इन सबने मिलकर तृणमूल को निर्मूल किया।

## पश्चिम बंगाल में जनता की सरकार बनी है : सच्चिदानंद राय

**कोलकाता, समाज्ञा :** सभागार में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए बिहार भाजपा के दिग्गज नेता एवं पदाधिकारी और पश्चिम बंगाल के उद्योगपति व विशिष्ट सामजसेवी सच्चिदानंद राय ने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में जनता की सरकार बनी है। संगठन मंत्रियों से हुई बात-चीत का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि इस बार केंद्रीय नेतृत्व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पूरा प्रयासरत था। चुनाव निष्पक्ष हुआ और नतीजा आपके सामने है। सबकुछ पहले का ही था लकिन इस बार का परिणाम अलग हुआ। पूरा देश पश्चिम बंगाल की जीत से खुश है। आज बंगाल पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण बहुत पीछे हो गया जो कभी बहुत आगे था। कहा ही जाता था जो बंगाल आज सोचता है वो देश कल सोचेगा। इस गरिमापूर्ण गौरव को फिर से लाना है। उन्होंने पिछली सरकारों में व्यापारियों के साथ हुए



विधान परिषद सदस्य सच्चिदानंद राय का सम्मान करते समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय, नन्द किशोर लाखोटिया, परमेश्वर सिंह, राजेन्द्र प्रसाद राय, नलिन विलोचन एवं अविनाश कुमार सिंह

तोलाबाज़ी का भी उदहारण के साथ कई घटनाओं को साझा किया। पश्चिम बंगाल की जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने संगठन और निर्वाचन आयोग की भूमिका को सराहा।

## जोड़ासांको की धरती महापुरुषों की जननी है : विजय ओझा

**कोलकाता, समाज्ञा :** अपने सरल स्वाभाव और कर्मठता के लिए जाने जाने वाले जोड़ासांको विधान सभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक ने अपनी बात रखते हुए कहा कि जोड़ासांको और बंगाल की धरती महापुरुषों की जननी है। भौगोलिक दृष्टिकोण से भी देखा जाय तो खनिजों से यह धरती भरी पड़ी है। क्या नहीं है इस धरती में - बालू भी है आलू भी है, गंगा भी है सागर भी है. नदियां, झरने, पहाड़ के साथ-साथ चावल, जूट, कोयला, चीनी मिट्टी, डोलोमाइट आदि अनेकों खनिज के भंडार है। व्यावसायिक परिप्रेक्ष्य से देखा जाय तो यातायात के साधन सड़क, रेल और पोर्ट बहुत प्राचीन काल से ही विकास की कहानी कहते हैं। इतनी



सारी विशेषताओं वाले प्रदेश को कामकाजी सरकार और कुशल नेतृत्व मिले तो उसे अग्रणी होने से कोई रोक नहीं सकता। आप सभी आने वाले समय में देखेंगे कि पश्चिम बंगाल सभी क्षेत्रों में विकास कर भारत की विकास यात्रा में अपना विशेष योगदान करेगा।

## ॐ सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया : संतोष पाठक



पार्षद संतोष पाठक का सम्मान करते चंद्रेश मेघाणी, परेश दफ्तरी, परिमल अजमेरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम के 45 नंबर वार्ड के पार्षद, चौरंगी विधान सभा से पिछले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संतोष पाठक ने सभागार में अपने सम्बोधन की शुरुआत संस्कृत के एक मंत्र से की और कहा कि इस वाक्य को मूल मंत्र मानकर अपना जीवन जीता आया हूँ, पिछली सरकार में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया था कि अच्छे- अच्छे का जीना दूभर हो गया था, सामान्य-जन की तो बात ही क्या करें। मैं 2005 में जब पार्षद बना उससे पहले से हर सरकार के निशाने पर रहा हूँ। मेरे साथ जो लोग मंच साझा कर रहे हैं वो भी कुछ कम या ज्यादा आक्रांत हुए होंगे। पश्चिम बंगाल की जनता ने इस बार ममता बनर्जी और तृणमूल सरकार के विपक्ष में वोट किया है। इस बार के चुनाव में ध्रुवीकरण हुआ है लेकिन एक वर्ग का ध्रुवीकरण जिस चरम सीमा पर होता है, अभी हमारे वर्ग के लोगों में कुछ कमी है।



विहार के विधायक सुजीत कुमार का सम्मान करते संपादक अनिल कुमार राय, राजेन्द्र प्रसाद राय, पार्षद संतोष पाठक नलिन विलोचन एवं विनोद अग्रवाल

## मई को पूरे भारत के सनातनी झूम उठे : ऋषिकांत राय

**कोलकाता, समाज्ञा :** आजमगढ़ उत्तर प्रदेश से आये सफल उद्योगपति एवं भाजपा नेता ऋषिकांत राय ने अपने संबोधन में अहम बात कही। मई को पश्चिम बंगाल ही नहीं भारत या यूं कह लीजिए कि पूरे विश्व के सनातनी खुशी में झूम उठे थे। बाहरी घुसपैठियों और एक वर्ग विशेष की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता मुझसे बेहतर कौन जानता होगा, क्योंकि मैं आजमगढ़ जिला उत्तर प्रदेश से आता हूं। यहां मानो आतंकवाद की खेती होती है, लेकिन उत्तर प्रदेश के लोगों का भाग्य कि वहां के मुख्यमंत्री योगी जी है। वो सही इलाज करना जानते हैं। यहां भी मुख्यमंत्री के तेवर योगी जी से मिलते हैं, आशा है कि एक समृद्धशाली पश्चिम बंगाल आने वाले कुछ समय में देखने को मिलेगा।



ऋषिकांत राय का सम्मान करते संपादक अनिल कुमार राय, राजेन्द्र प्रसाद राय,अनिरुद्ध प्रताप राय एवं अविनाश कुमार सिंह

## सम्मान विधायक का नहीं आपका होना चाहिए : संजय सिंह

**कोलकाता, समाज्ञा :** सभागार में उयस्थित अतिथियों को सबोधित करते हुए बाली विधान सभा के नव निर्वाचित विधायक संजय सिंह के कहा कि पूरे बंगाल में पिछले चुनाव को जनता ने अपने हाथों ले लिया था। इस बार का चुनाव जनता ही लड़ी और जनता ही जीती है, इसलिए मेरी समझ में सम्मान की हक़दार पश्चिम बंगाल की जनता है जिसने तृणमूल सरकार और ममता बनर्जी के अभेद्य लग रहे किले को ध्वस्त कर दिया। चुनाव तो मैं और मेरे साथ यहाँ मंच पर उपस्थित सभी नेता लड़ते आ रहे थे लेकिन जीत नहीं मिल रही थी। इस बार चुनाव में जनता ने पूरा मन बना लिया था



तृणमूल को हराने का और भाजपा को जीतने का। शीर्ष नेतृत्व की ताबड़ तोड़ रैलियों और निष्पक्ष चुनाव की बड़ी भूमिका इस चुनाव में रही।

# एक सितंबर से कचरा फेंकने और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर जुर्माना, सिलीगुड़ी बनेगा 'हिमालयन हिल सिटी'

## उत्तरकन्या में प्रशासनिक बैठक के बाद मंत्री अग्निमित्रा पाल ने की घोषणा

**सिलीगुड़ी :** राज्य की नगर विकास एवं महिला व बाल कल्याण मंत्री अग्निमित्रा पाल ने उत्तरकन्या से बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि एक सितंबर से सड़कों पर कहीं भी कचरा फेंकने और सिंगल-यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर जुर्माना लगाया जाएगा। शहर को साफ और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। रविवार को उत्तरकन्या में प्रशासनिक बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, उत्तर बंगाल के पांच शहर सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग, कर्सियांग, कालिम्पोंग और मिरिक




को मिलाकर 'हिमालयन हिल सिटी' बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत पर्यटन, शहरी बुनियादी ढांचे, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक नागरिक सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति, महिला और बाल कल्याण, जल निकासी, पेयजल, कचरा प्रबंधन और अन्य नागरिक सेवाओं की समीक्षा की गई। इस बैठक में दार्जीलिंग सांसद राजू बिष्ट, जलपाईगुड़ी सांसद जयंत राय, विभिन्न जिलों के विधायक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए और कहा कि उत्तर बंगाल के विकास को नई गति दी जाएगी।

**✒ राज्य को घुसपैठियों का सुरक्षित ठिकाना बनने से रोकने के लिए मदरसों का सर्वेक्षण जरूरी : मंत्री**

मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने मदरसों के सर्वेक्षण का बचाव करते हुए रविवार को कहा कि कवायद यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि राज्य आतंकवादियों और घुसपैठियों के लिए 'सुरक्षित ठिकाना' न बन जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मुस्लिम छात्रों को आधुनिक शिक्षा के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ा जाना चाहिए। पॉल ने आरोप लगाया कि राज्य में रोहिंग्या और घुसपैठियों के प्रवेश को पिछले 15 वर्षों के तृणमूल कांग्रेस शासन और उससे पहले 34 वर्षों तक सत्ता में रहे वाम मोर्चा शासन के दौरान बढ़ावा दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 49 वर्षों में हमने देखा है कि कैसे रोहिंग्या और घुसपैठियों को प्रोत्साहित किया गया और राज्य में लाया गया। मंत्री ने मदरसों में आधुनिक शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सरकार चाहती है कि मुस्लिम बच्चे राज्य के विकास में भागीदार बनें। पॉल ने कहा कि हम चाहते हैं कि मुस्लिम बच्चे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में विकास की दिशा में हमारे द्वारा उठाए जा रहे कदमों का हिस्सा बनें। पॉल ने विपक्षी 'इंडिया' पर भी तीखा हमला करते हुए दावा किया कि गठबंधन अपनी प्रासंगिकता खो चुका है और इसके घटक दल बुरी तरह विभाजित हैं।

# साइकिल चलाकर मंत्री भास्कर भट्टाचार्य ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**हुगली :** विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार की विशेष पहल संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम के तहत रविवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों की तरह श्रीरामपुर में भी साइकिल रैली का आयोजन किया गया। श्रीरामपुर महकमा शासक (एसडीओ) के नेतृत्व में आयोजित इस साइकिल रैली में राज्य के प्रतिमंत्री भास्कर भट्टाचार्य ने स्वयं साइकिल चलाकर भाग लिया। मंत्री भास्कर भट्टाचार्य ने साइकिल चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदूषण-मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए साइकिल चलाना बेहद आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना होगा। साइकिल



चलाना न केवल पर्यावरण के लिए लाभदायक है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे बताया कि आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से श्रीरामपुर में इस साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यदि युवा नियमित रूप से साइकिल चलाने की आदत अपनाएं, तो वे आने वाले समय में अधिक स्वस्थ और फिट रह सकेंगे। पहले के समय में लोग अधिक शारीरिक गतिविधियां करते थे, जिसके कारण बीमारियां अपेक्षाकृत कम होती थीं। वहीं आज जीवनशैली में आए बदलाव के कारण विभिन्न रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए युवाओं तक स्वास्थ्य और फिटनेस का यह संदेश पहुंचाना बेहद जरूरी है।

# श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में हुआ सामूहिक सुन्दरकांड पाठ



**हावड़ा, समाज्ञा :** पुरूषोत्तम मास के अवसर पर आज श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में सुपरिचित भजन प्रवाहक श्री नन्द जी पेड़ीवाल की अगुवाई में सामूहिक सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें काफी भक्त शामिल हुए। पाठ के प्रसंगो के आधार पर सुमधुर भजनों की प्रस्तुति पर श्रध्दालुओं ने झूम-नाचकर बजरंगबली को रिझाया। इस अवसर पर उपस्थित मंदिर मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल ने बताया कि वर्तमान में चल रहे पुरूषोत्तम मास पर मंदिर में विविध आयोजनों के साथ ही नित्य सैकड़ों की संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।







विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में श्यामपुकुर विधानसभा क्षेत्र में मंत्री पुर्णिमा चक्रवर्ती, मंत्री तापस राय, विधायक रितेश तिवारी, विधायक विजय ओझा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में चलाया साइकिल

# अमेरिकी केंद्र हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि, कोलकाता में आयोजित हुआ विशेष समारोह





**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेरिकी केंद्र पर 22 जनवरी 2002 को हुए आतंकी हमले में शहीद हुए कोलकाता पुलिस के जवानों की स्मृति में रविवार को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास (यू.एस. कॉन्सुलेट जनरल), कोलकाता में विशेष श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहीदों की वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और शहर की सुरक्षा के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में पश्चिम बंगाल सरकार के ग्रामीण विकास, पंचायत एवं पशु संसाधन विकास मंत्री दिलीप घोष, यू.एस. कॉन्सुलेट जनरल कोलकाता के गणमान्य अधिकारी तथा कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम के तहत एक स्मृति रैली भी निकाली गई, जिसमें कोलकाता पुलिस के जवानों ने भाग लेकर अपने शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों और मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कोलकाता पुलिस ने राष्ट्र सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों को सलाम करते हुए कहा कि उनका बलिदान सदैव गर्व और कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा।

# दुमका को मिलेगी कोयले की धूल और ट्रैफिक जाम से राहत, न्यू मदनपुर बनेगा आधुनिक माल ढुलाई केंद्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने दुमका क्षेत्र की रेल माल परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा स्थानीय नागरिकों को प्रदूषण और यातायात दबाव से राहत दिलाने के उद्देश्य से न्यू मदनपुर हॉल्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त पूर्ण विकसित ब्लॉक स्टेशन और गुड्स शेड के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत दुमका स्टेशन पर संचालित होने वाली भारी कोयला लोडिंग गतिविधियों को न्यू मदनपुर स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे शहरवासियों को स्वच्छ वाता-वरण और बेहतर यातायात व्यवस्था का लाभ मिलेगा। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर के नेतृत्व में शुरू की गई इस परियोजना को क्षेत्र के औद्योगिक विकास और जनहित दोनों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



वर्तमान में दुमका स्टेशन पर प्रतिदिन औसतन तीन से चार कोयला रेक तथा एक अतिरिक्त रेक पत्थर, बालू और खाद्यान्न सामग्री की लोडिंग एवं अनलोडिंग की जाती है। भारी मात्रा में होने वाले इस माल संचालन के कारण स्टेशन और आसपास के इलाकों में कोयले की धूल, भारी वाहनों की आवाजाही और लगातार शोर की समस्या बनी रहती है। स्थानीय नागरिक लंबे समय से इस स्थिति से राहत की मांग कर रहे थे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार आने वाले समय में कोयला परिवहन की मात्रा बढ़कर प्रतिदिन छह रेक तक पहुंचने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने माल संचालन के लिए एक अलग और अधिक सक्षम केंद्र विकसित करने की योजना बनाई है। दुमका से लगभग 4.20 किलोमीटर दूर स्थित न्यू मदनपुर स्टेशन, दुमका-बासुकीनाथ और दुमका-बरापलाशी रेलखंडों के बीच रणनीतिक रूप से स्थित है। यहां माल ढुलाई गतिविधियां शुरू होने के बाद कोयला लोडिंग का अधिकांश कार्य दुमका स्टेशन से हट जाएगा। यह परियोजना केवल स्थानीय सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र में स्थित कोयला खदानों से भविष्य में होने वाली बड़े पैमाने की कोयला निकासी की आवश्यकताओं को भी पूरा करेगी। न्यू मदनपुर स्टेशन को एक समर्पित रेक लोडिंग प्वाइंट के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे ऊर्जा क्षेत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। इस नई व्यवस्था से उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के साहरपुर-जमरपानी कोयला ब्लॉक तथा नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन (एलएलसी) द्वारा संचालित पचवारा साउथ कोल ब्लॉक की कोयला आपूर्ति व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इन खदानों से प्राप्त कोयले का उपयोग उत्तर प्रदेश स्थित जवाहर ताप विद्युत परियोजना और घाटमपुर ताप विद्युत परियोजना में किया जाता है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि रेलवे औद्योगिक विकास और आम जनता के हितों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि न्यू मदनपुर को पूर्ण विकसित गुड्स शेड स्टेशन के रूप में उन्नत करने से एक ओर ऊर्जा क्षेत्र की लॉजिस्टिक जरूरतें पूरी होंगी, वहीं दूसरी ओर दुमका के लोगों को स्वच्छ, शांत और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा।

# विश्व के कण-कण में गूंजती है श्री राम नाम की पावन धुन : डॉ. सर्वेश्वर

**हावड़ा, समाज्ञा :** राम भक्त परिवार एवं दिव्य ज्योति परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 101 फोरशोर रोड, हावड़ा में सात दिवसीय श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शनिवार को हुआ। 7 से 13 जून तक आयोजित होने वाले इस आध्यात्मिक आयोजन में प्रतिदिन शाम 3:30 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। कथा वाचन के लिए दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज के परमशिष्य एवं कथाव्यास डॉ. सर्वेश्वर अपने वाद्य-वृंद के साथ दिल्ली से विशेष रूप से पहुंचे हैं। प्रथम दिवस उन्होंने श्री रामकथा के माहात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम की पावन कथा मानव जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का बीज रोपित करती है। उन्होंने कहा कि युगों बीत जाने के बाद भी भगवान श्रीराम के आदर्श



और मर्यादाएं आज भी जनमानस को प्रेरित कर रही हैं। डॉ. सर्वेश्वर ने कहा कि श्रीराम की लोकप्रियता केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व के अनेक देशों में विभिन्न स्वरूपों में रामायण प्रचलित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रेम, दया, त्याग और पारिवारिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है, जिसके कारण समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में श्रीराम के आदर्शों को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति के भीतर विद्यमान रामतत्व को जागृत किया जा सकता है और श्री रामकथा उसी दिव्य चेतना को प्रकट करने का माध्यम है। इस कार्यक्रम में रतन चौधरी, श्याम चौधरी, लालजी गुप्ता, संदीप गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद राय, विकास जायसवाल, सुनील गुप्ता, अवधेश साव, हरीश चन्द्र जायसवाल, आनन्द चौधरी, सुरेश जायसवाल, परमेश्वर सिंह, पंकज पाण्डेय, अविनाश सिंह तथा समाज्ञा संपादक अनिल कुमार राय उपस्थित रहे।

# युवा शक्ति संगम ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर




**हावड़ा, समाज्ञा :** युवा शक्ति संगम, कोलकाता द्वारा सेंट टेरेसा डे स्कूल, फकीरबागान के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष विजय तिवारी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में फोर्टिस हॉस्पिटल एवं किडनी इंस्टीट्यूट का विशेष सहयोग रहा। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य परामर्श देने के साथ ईसीजी सहित विभिन्न जांचें निःशुल्क कीं। इसके अलावा दंत चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। फिजियोथेरेपी विभाग का संचालन कृष्णा सरकार ने किया, जबकि दंत चिकित्सा सेवाएं डॉ. नीलाद्रि दे और डॉ. प्रतीक बैद ने प्रदान कीं। आयोजकों ने बताया कि चिकित्सकों की सलाह के आधार पर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे तथा जरूरतमंदों के मोतियाबिंद ऑपरेशन भी कराए जाएंगे। शिविर में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच का लाभ उठाया। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष बिमल सिपानी, अमित श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, देव प्रकाश राय, श्याम प्रसाद राम, मुन्ना राउत, सूरज गोस्वामी, महावीर रजक, सलीम भुट्टो, राजेंद्र सिंघी, राज कुमार डागा, रितेश अग्रवाल एवं अशोक सिंह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सीडब्ल्यूबीटीए का पहाड़ों की ओर कदम, दार्जिलिंग-कालिम्पोंग और सिक्किम में विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन्स (सीडब्ल्यूबीटीए) ने दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और सिक्किम क्षेत्रों तक अपने नेटवर्क का औपचारिक विस्तार कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को मल्लागुड़ी स्थित टी ऑक्शन कमिटी कार्यालय में 'डिस्ट्रिक्ट लॉन्च एंड इंटरेक्शन प्रोग्राम' का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के व्यापारिक समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार और उपाध्यक्ष सी. के. वरदराजन ने भाग लिया तथा स्थानीय व्यापार प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को जाना। संगठन ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों और पड़ोसी राज्य सिक्किम में व्यापार सुगमता सुनिश्चित करना उसकी




प्राथमिकताओं में शामिल है। अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने कहा कि नेटवर्क विस्तार से सीमा और पहाड़ी क्षेत्रों के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी। बैठक में व्यापार नियमों, कर व्यवस्था, परिवहन और लाइसेंसिंग से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन का मानना है कि इस पहल से दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और सिक्किम के छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को एक संगठित मंच मिलेगा, जिससे वे अपनी समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठा सकेंगे और उनके समाधान की दिशा में बेहतर प्रयास किए जा सकेंगे।

# बेमिसाल कृतित्व के लिए इंडियन वुमेन इरा ने 32 महिलाओं को दिया नारी सशक्ति सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** शनिवार की शाम होटल हिन्दुस्तान इंटरनेशनल में उन महिलाओं के लिए चिर-स्मरणीय बन गई जिन्हें उनके बेमिसाल कृतित्व के लिए सम्मानित किया गया। महिलाओं को प्रोत्साहित कर उनमें में छिपी असीम प्रतिभाओं को उजागर कर उन्हें स्वावलंबी बनाने और समाज में उन्हें प्रतिष्ठित करने हेतु नेहा रामगढ़िया और ऋचा पारख लूनिया द्वारा स्थापित इंडियन वुमन एरा द्वारा नेचुरल ग्रुप के मुख्य प्रायोजकतव में आयोजित इस प्रतिष्ठित नारी सशक्ति उपलब्धि सम्मान-2026 (सशक्ति वूमेन अचीवर्स अवार्ड) में उत्कृष्टता, समर्पण और उपलब्धियों के लिए उद्यमिता, सामाजिक प्रभाव, शिक्षा, स्वास्थ्य, फैशन, कला, वित्त, सौंदर्य और अन्य पेशेवर क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 32 प्रेरणादायक




महिलाओं को सम्मानित किया गया। सशक्ति वूमेन अचीवर्स अवार्ड की प्रणेताद्वय नेहा रामगढ़िया और ऋचा पारख लूनिया ने इस संदर्भ में बताया कि एक ऐसे मंच के रूप में खड़ा है जो उन महिलाओं को पहचानता है और उनका जश्न मनाता है जो सार्थक प्रभाव पैदा कर रही हैं, बाधाओं को तोड़ रही हैं और भावी पीढ़ियों को प्रेरित कर रही हैं। सम्मानित महिल-ाओ में सोनिका अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, निकिता खेतान, सीए वंदना अग्रवाल, सोनू कलानोरिया, रिंकू जिंदल, हर्षा गोयनका, अमृता सी. सेनगुप्ता, प्रियंका सिंह, नताशा गोयल, निधि गोयल, अल्बीना छेत्री, ख्याति झाझरिया, नेहा फतेहपुरिया, संगीता मुरारका, रितिका परसरामपुरिया, अंजलि गुप्ता, श्रीम अग्रवाल, दिव्या सिंघानिया, खुशबू जैन, जूली चंदराना, नीतू जैसवाल, नंदिनी दुगार, प्रीति बजाज, शशि राठी, उमा कांकनिया, सरू कांकनिया, सुनीता वर्मा, टीना जैन, सीए कोमल आसोपा, कोमल जाजोदिया, रुचि बोहरा, शशि राठी एवं आयुषी बंसल शामिल थीं।

इस शाम की अन्यतम शोभा रही केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल एंड मेंटल हेल्थ की निदेशक डा. मीनू बुधिया ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने सारगर्भित वक्तव्य से आयोजकों व सम्मानित महिलाओं का उत्साहवर्धन किया जबकि श्रेया डबरीवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने एक प्रेरणादायक वार्ता सत्र में भाग लिया। समारोह में भव्यता और शालीनता का समावेश करते हुए, नैना माहेश्वरी द्वारा प्रस्तुत एक शानदार रैंप वॉक ने विशुद्ध रूप से महिलाओं को समर्पित इस शाम को महिला सशक्तिकरण, उपलब्धियों और नेतृत्व को एक यादगार अवसर बना दिया। इस शाम के सबसे भावुक क्षणों में से एक माताओं को समर्पित एक विशेष सम्मान था जो तीन माताओं को उनके निःस्वार्थ समर्थन और बलिदानों के लिए प्रेम, कृतज्ञता और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में विशेष 'माँ पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इस भावपूर्ण क्षण ने दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान, खुशी के आँसू और तालियों की गड़गड़ाहट ला दी।

# रिसड़ा में रक्तदान शिविर : युवाओं ने दिखाई मानव सेवा की मिसाल, 60 यूनिट रक्त संग्रह

**हुगली :** मानव सेवा और जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए स्वामी कृष्णानंद सेवा निधि द्वारा रविवार को रिषड़ा स्थित नारायण धाम में स्वर्गीय प्रहलाद चितलांगिया की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 60 यूनिट रक्तदान किया। रक्त संग्रह की प्रक्रिया श्रीरामपुर वॉल्स अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा संपन्न कराई गई। रक्तदाताओं का पहले स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसके बाद सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य स्वामी केशवानंद जी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन



में उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है और यह निःस्वार्थ करुणा का प्रतीक है। इस अवसर पर विश्वनाथ सराफ, मुकेश कुमार देवतिया, सुधीर चितलांगिया और अजय प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कोलकाता की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था भोले के बराती के पदाधिकारियों ने भी विशेष रूप से भाग लेकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर की सफलता में डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल, पंडित हरिनारायण मिश्र, योगेश अग्रवाल, रंजीत यादव, विनोद खेमका, रामअवतार शर्मा, संजय सेकसरिया, सरिता अग्रवाल और मलय सिंहराय सहित अनेक समाजसेवियों का महत्वपूर्ण यो-गदान रहा। डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान से शरीर में नए रक्त का निर्माण होता है और इससे किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को बचाने में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मानव सेवा के संकल्प के साथ शिविर का समापन हुआ।

# तृणमूल पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता गिरफ्तार, 14 दिनों की पुलिस हिरासत

✒ अदालत में पेशी के दौरान पार्षद पर फेंके गए अंडे



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण-पूर्वी कोलकाता के सैकड़ों निवासी तृणमूल कांग्रेस के पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए पाटुली थाने के बाहर एकत्र हुए। दासगुप्ता को जबरन वसूली सहित अन्य गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी नेता पर उस समय अंडे फेंके, जब पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें अलीपुर अदालत ले जा रही थी। बता दें कि कोलकाता नगर निगम के वार्ड 101 के पार्षद दासगुप्ता को शनिवार की शाम उनके सहयोगी सौरभ घोष के साथ गिरफ्तार किया गया था। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पार्षद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिनमें जबरन वसूली, आपराधिक धमकी, आगजनी का प्रयास और अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। यह मामला स्थानीय वकील परमिता डे द्वारा दायर एक शिकायत से संबंधित है, जिन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने अपने आवास पर एक चैंबर स्थापित करने की कोशिश की तो दासगुप्ता ने उनसे 20 लाख रुपये की मांग की। शिकायत के अनुसार, लगातार दबाव और धमकियों का सामना करने के बाद डे ने आखिरकार दो लाख रुपये का भुगतान किया। पाटुली थाने के बाहर प्रदर्शनकारियों ने पार्षद को 'चोर' बताते हुए नारे लगाए और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कई निवासियों ने दासगुप्ता पर जमीन हड़पने और जबरन उगाही का विरोध करने वालों को धमकाने का आरोप लगाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस काफिले को रोकने की कोशिश की और दासगुप्ता को ले जा रहे वाहन पर अंडे फेंके, जो इस मामले को लेकर जनता के आक्रोश को दर्शाता है।

## पॉक्सो मामले में तृणमूल पार्षद मोहम्मद जसीमुद्दीन गिरफ्तार



कोलकाता नगर निगम के एक और जोड़ासांको के वार्ड 39 के तृणमूल पार्षद मोहम्मद जसीमुद्दीन को रविवार की सुबह पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह 6 बजे से ही पुलिस और केंद्रीय बल उनके घर के बाहर मौजूद थे। आरोप है कि जसीमुद्दीन ने दरवाजा नहीं खोला। लगभग छह घंटे इंतजार करने के बाद पुलिस ने बाहर से ताला खोलकर घर में प्रवेश किया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। उनके समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया, वहीं भाजपा समर्थक भी हाथों में अंडे लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए। पुलिस ने जसीमुद्दीन के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, तीन वर्ष पहले इलाके की एक नाबालिग लड़की से कथित छेड़छाड़ के मामले में जसीमुद्दीन के करीबी लोगों का नाम सामने आया था। अब वह लड़की कॉलेज की छात्रा है। आरोप है कि शनिवार को उसे फिर से परेशान किया गया और पुराना मामला वापस लेने के लिए धमकी दी गई। इसके बाद, युवती के परिजनों ने थाने में नई शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शनिवार की रात इस मामले में जसीमुद्दीन के एक करीबी व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया। पार्षद सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में अवैध गतिविधियों में शामिल होने, आपराधिक साजिश रचने, धमकी देने, पीड़िता की पहचान उजागर करने तथा शीलभंग से संबंधित आरोप लगाए गए हैं।

## गिरफ्तारी से बचने के लिए साड़ियों में छिपा तृणमूल नेता



**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य में 2021 में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में संलिप्तता के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता को रविवार को हावड़ा जिले के आमता से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की छापेमारी के दौरान आरोपी साड़ियों के ढेर के नीचे छिपा हुआ मिला, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान हावड़ा के उदयनारायणपुर निवासी ब्रह्मानंद चक्रवर्ती के रूप में हुई है। उसने बताया कि चक्रवर्ती गिरफ्तारी से बचने की कोशिश में घर के अंदर साड़ियों के ढेर के नीचे छिपा हुआ था।

# हावड़ा में टीएमसी नेता को गंजा करके, जूतों की माला पहनाकर घुमाया गया

✒ तृणमूल नेता पर लोगों से पैसे ऐंठने का आरोप



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले में गुस्साई भीड़ ने तृणमूल कांग्रेस के एक नेता का सिर मूंड दिया, उसे जूतों की माला पहनाई और पूरे गांव में घुमाया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस का यह नेता कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से पैसे वसूलता था। अमरदाहा गांव के निवासियों ने आरोप लगाया कि संन्यासी मन्ना विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठता था। उनका यह दावा भी है कि उसके घर से कई आधार कार्ड और मनरेगा योजना के जॉब कार्ड बरामद किए गए हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में कथित तौर पर ग्रामीणों को मन्ना के गले में जूतों की माला डालते और उसका सिर मुंडवाते हुए देखा गया। पुलिस ने मन्ना को ग्रामीणों की भीड़ से बचाकर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मन्ना को उग्र भीड़ से सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के आरोपों की जांच की जाएगी, हालांकि अभी तक उसके खिलाफ कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# सांसदों में फूट की अटकलों के बीच ममता 'इंडिया' की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंची दिल्ली

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी पार्टी के सांसदों के बीच फूट की अटकलों के बीच, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक से एक दिन पहले रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हुईं। पूर्व मुख्यमंत्री बनर्जी के साथ राज्यसभा सदस्य डोला सेन और लोकसभा सदस्य कल्याण बनर्जी भी गए हैं। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे, जबकि पार्टी नेतृत्व उन आशंकाओं से जूझने लगा है कि बगावत अब उसके संसदीय दल तक भी फैल सकती है। ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक को पहले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक के लिए रविवार को एक साथ दिल्ली रवाना होना था, लेकिन डायमंड हार्बर से सांसद एक दिन पहले ही शनिवार को रवाना हो गए। उम्मीद है कि सोमवार को होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की बैठक से पहले, तृणमूल का शीर्ष नेतृत्व अपनी पार्टी के भीतर की स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करेगा। यह कदम उन खबरों के बीच उठाया जा सकता है, जिनमें कहा जा रहा है कि पार्टी के असंतुष्ट नेता और सांसद संसद में भी वही स्थिति पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं।

## ममता ने पार्षदों की बैठक अंतिम समय में की रद्द

कोलकाता के सभी तृणमूल कांग्रेस पार्षदों के साथ रविवार को होने वाली महत्वपूर्ण बैठक स्थगित कर दी गई है। यह बैठक तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की व्यस्तता और दिल्ली दौरे के कारण रद्द करनी पड़ी। बैठक बाइपास क्षेत्र स्थित तृणमूल भवन में शाम 4 बजे प्रस्तावित थी, जिसमें कोलकाता नगर निगम से जुड़े सभी पार्षदों को शामिल होना था। पार्टी सूत्रों के अनुसार, हाल ही में कोलकाता के मेयर पद से फिरहाद हकीम के इस्तीफे के बाद नगर निगम की राजनीतिक स्थिति और नेतृत्व को लेकर चर्चा के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। लेकिन अंतिम समय में ममता बनर्जी के दिल्ली रवाना होने के कारण कार्यक्रम बदलना पड़ा। इस बैठक में कोलकाता नगर निगम के नए राजनीतिक नेतृत्व और आगे की रणनीति पर निर्णय लिए जाने की संभावना थी। खासकर, मेयर के इस्तीफे के बाद बोर्ड के भविष्य और प्रशासनिक ढांचे को लेकर स्थिति स्पष्ट की जानी थी। लेकिन बैठक टल जाने से फिलहाल इस मुद्दे पर निर्णय अटक गया है। पार्टी के भीतर इस बैठक को लेकर पहले से ही अनिश्चितता का माहौल था।

## मेस्सी इवेंट मामला : अरूप बिस्वास को पुलिस का नया नोटिस, आज दोपहर तक पेश होने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पूर्व खेल मंत्री अरूप बिस्वास की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उत्तर 24 परगना जिले के बिधाननगर (दक्षिण) पुलिस ने लियोनल मेस्सी के 'गोट इंडिया टूर' से जुड़े मामले में उन्हें रविवार को एक नया नोटिस जारी किया। पुलिस ने पूर्व खेल मंत्री अरूप बिस्वास से सोमवार तक बिधाननगर (दक्षिण) पुलिस स्टेशन में पेश होने को कहा है। इस मामले में पुलिस की ओर से बिस्वास को भेजा गया यह दूसरा नोटिस है। 2 जून को, पुलिस ने पूर्व मंत्री को पहला नोटिस जारी कर 5 जून को पुलिस स्टेशन में पेश होने के लिए कहा था। हालांकि, 4 जून को बिस्वास ने पुलिस स्टेशन को एक लिखित संदेश भेजकर मेडिकल कारणों से पूछताछ के लिए पेश होने के लिए 14 दिन का समय मांगा। अपने पत्र के साथ, पूर्व मंत्री ने अपनी शारीरिक बीमारी के दावों के समर्थन में सबूत के तौर पर एक मेडिकल सर्टिफिकेट भी संलग्न किया था। हालांकि, रविवार को मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने पूर्व खेल मंत्री को एक नया नोटिस भेजा, जिसमें उनसे 8 जून की दोपहर तक पूछताछ के लिए बिधाननगर (दक्षिण) पुलिस स्टेशन में पेश होने को कहा गया।

## ऋतब्रत बनर्जी समेत तृणमूल के बागी गुट के पांच विधायकों की सुरक्षा बढ़ी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में मचे उथल-पुथल के बीच शुभेंदु अधिकारी की अगुवाई वाली राज्य की भाजपा सरकार ने तृणमूल के बागी गुट के पांच विधायकों की सुरक्षा बढ़ा दी है। तृणमूल के बागी गुट का नेतृत्व कर रहे ऋतब्रत बनर्जी के समर्थन में सामने आए ये पांचों विधायक में बीरभूम जिले से हैं। तृणमूल के जिन पांचों नेताओं की सुरक्षा बढ़ाई गई है, उनमें बीरभूम जिला परिषद के सभाधिपति और हांसन के विधायक काजल शेख, नलहाटी के विधायक राजेंद्र प्रसाद सिंह, मुरारई के विधायक मोशरफ हुसैन, पूर्व मंत्री एवं बोलपुर के विधायक चंद्रनाथ सिन्हा तथा नानूर के विधायक विधान चंद्र माजी शामिल हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, प्रत्येक विधायक को दो-दो अतिरिक्त सशस्त्र सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराए गए हैं।

## अनुब्रत मंडल समेत 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बीरभूम :** बीरभूम जिले में तृणमूल कांग्रेस के बाहुबली नेता और पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुब्रत मंडल और उनके करीबी माने जाने वाले मामुन शेख समेत 13 लोगों के खिलाफ चुनाव बाद हिंसा, तोड़फोड़ और करीब 30 लाख रुपये की ईंट लूटने के आरोप में एफआइआर दर्ज की गई है। ईंट व्यवसायी शुभेंदु मंडल की शिकायत पर पुलिस ने यह एफआईआर दर्ज की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की सत्ता में वापसी के बाद पार्टी के तत्कालीन जिलाध्यक्ष अनुब्रत मंडल के निर्देश पर मामुन शेख के नेतृत्व में कुछ लोगों ने उनके ईंट-भट्ठे पर हमला किया था। इस दौरान व्यापक तोड़फोड़ की गई और लगभग 30 लाख रुपये मूल्य की ईंटें लूट ली गईं थी। शुभेंदु मंडल का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2021 में ही अनुब्रत मंडल, मामुन शेख समेत कुल 13 लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन उस समय पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उनका आरोप है कि तृणमूल शासन के दौरान लंबे समय से उनसे रंगदारी की मांग की जाती थी। मांग मानने से इन्कार करने और भाजपा समर्थक के रूप में पहचाने जाने के कारण उन्हें लगातार दबाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

## नानूर में दो गुटों में झड़प, एक की गोली मारकर हत्या

**बीरभूम :** जिले के नानूर इलाके के जंडांगा गांव में पुराने विवाद को लेकर शनिवार की रात गोलीबारी और धारदार हथियारों से किए गए हमले में शेख मकसूद (49) नाम के व्यक्ति की मौत हो गई। झड़प में दोनों पक्षों के कम से कम 10 लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गांव की एक मस्जिद में मौलवी की नियुक्ति को लेकर लगभग एक साल पहले दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। शनिवार की रात जब शेख मकसूद एक पड़ोसी के घर से लौट रहे थे, तो प्रतिद्वंद्वी समूह के लोगों ने उन पर लाठी, बांस और धारदार हथियारों से हमला किया। इसके बाद, उन पर गोलीबारी की। दोनों पक्षों के बीच भारी झड़प हुई जब मकसूद के परिवार के सदस्य उसकी चीख सुनकर वहां पहुंचे। सूचना मिलने पर किरनाहर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मृतक के परिवार ने दावा किया है कि मकसूद की हत्या सुनियोजित तरीके से की गई थी। अप्रिय घटना से बचने के लिए रविवार को इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## तृणमूल से अलग हुईं रुना खातून, फेसबुक पोस्ट कर राजनीति से दूरी बनाने का किया ऐलान

**हुगली, समाज्ञा :** जिला परिषद सदस्य और बालागढ़ की चर्चित युवा तृणमूल नेत्री रुना खातून ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर तृणमूल कांग्रेस से अपने सभी संबंध समाप्त करने की घोषणा की है। रुना खातून के पति अरिजीत दास अभी भी बालागढ़ के सीजा कमालपुर पंचायत में तृणमूल के उप-प्रधान पद पर हैं। सूत्रों के अनुसार, वह लंबे समय से पार्टी में उचित सम्मान नहीं मिलने को लेकर नाराज थीं, लेकिन उन्होंने कभी सार्वजनिक रूप से पार्टी के खिलाफ बयान नहीं दिया और खुद को तृणमूल का समर्पित कार्यकर्ता बताती रहीं। अपने फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए रुना खातून ने कहा कि जनता के जनादेश का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बदल चुकी है और नई सरकार को काम करने का अवसर मिलना चाहिए ताकि विकास हो और जनता की इच्छाएं पूरी हो सकें। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति करना ही जरूरी नहीं है। राजनीति एक बड़ा मंच जरूर है, लेकिन समाज सेवा का वह एकमात्र रास्ता नहीं है।

## हिंदू मोर्चा ने शिविर लगाकर राहगीरों को दी गर्मी से राहत



**कोलकाता, समाज्ञा :** उमस भरी गर्मी से राहत दिलाने के लिए रविवार सुबह हिंदू मोर्चा की ओर से बागबाजार हनुमान मंदिर के सामने एक शिविर लगाकर सैकड़ों राहगीरों को शरबत और शिकंजी पिलाया गया। इस मौके पर हिंदू मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रितेश पांडे, महासचिव रोहित सिंह, सचिव अमित शर्मा, अजय गुप्ता, मनीष राठी, सौरभ सिंह, अमित सिंह दीपक विश्वास, अभिषेक राय, देवाशीष राय, गुड्डु सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# मकान मालिक टीएमसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर कर रहा विचार

✒ एग्रीमेंट खत्म होने के बाद भी नहीं मिल रहा भवन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की पूर्ववर्ती सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक तरफ जहां पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और उनका परिवार 'अवैध निर्माण' के आरोपों को लेकर कानूनी पेचीदगियों का सामना कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ अब पार्टी के मुख्य दफ्तर (पार्टी कार्यालय) को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ईएम बाईपास से सटे मेट्रोपॉलिटन इलाके में किराए पर लिए गए टीएमसी के कॉर्पोरेट स्टाइल दफ्तर का एग्रीमेंट खत्म होने के बावजूद उसे खाली नहीं करने का आरोप लगा है। स्थिति यह है कि मकान मालिक मंटू साहा और उनके बेटे अमित साहा खुद अपने घर के दरवाजे पहुंचे, लेकिन उन्हें वहां कोई नहीं मिला। मूल रूप से व्यवसायी मंटू साहा ने राज्य में हुए राजनीतिक उलटफेर (सत्ता परिवर्तन) के तुरंत बाद ही टीएमसी से अपना घर खाली करने को कहा था और इसके लिए बकायदा 2 महीने का समय भी दिया था। लेकिन समय बीत जाने के बाद भी किसी ने घर खाली करने की सुध नहीं ली। यहां तक कि मकान मालिक का फोन भी अब कोई नहीं उठा रहा है। परेशान होकर रविवार की सुबह मंटू साहा और उनके बेटे अमित साहा खुद उस घर पर पहुंचे, लेकिन वहां ताला लटका मिला और कोई मौजूद नहीं था। काफी देर इंतजार करने के बाद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। मकान मालिक के बेटे अमित साहा ने चेतावनी दी है कि अगर सीधे तरीके से बात नहीं बनी, तो वे जल्द ही कानूनी रास्ता अपनाएंगे।

# हावड़ा में तृणमूल नेता के दफ्तर में मिला नकली दवाओं का जखीरा

✒ ड्रग कंट्रोल की छापेमारी के बाद बड़े रैकेट का भंडाफोड़

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के बाली इलाके में ड्रग कंट्रोल बोर्ड ने पिछले 72 घंटों से लगातार मैराथन छापेमारी चलाकर भारी मात्रा में संदिग्ध नकली और घटिया दवाओं का जखीरा बरामद किया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह अवैध स्टॉक तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता कैलाश मिश्रा के पार्टी कार्यालय और उससे सटे दवाओं के गोदाम से मिला है। हावड़ा के असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर के नेतृत्व में चली इस औचक छापेमारी में लाखों रुपये की संदिग्ध दवाएं जब्त की गई हैं। ड्रग कंट्रोल के अधिकारियों को अंदेशा है कि इन घटिया और नकली दवाओं को बाजार में खपाने के उद्देश्य से भारी मात्रा में यहां जमा करके रखा गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बरामद की गई दवाओं की सूची में आम और बेहद जरूरी बीमारियां ठीक करने वाली दवाएं शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से बुखार, गैस और एसिडिटी के अलावा कई अन्य गंभीर और महत्वपूर्ण बीमारियों से जुड़ी दवाएं भी शामिल हैं। एक राजनीतिक दल के दफ्तर को दवाओं का अवैध गोदाम क्यों बनाया गया था, इसे लेकर स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है और वे लगातार सवाल उठा रहे हैं। फिलहाल, राज्य के ड्रग कंट्रोल विभाग के आला अधिकारियों ने इस पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। दवाइयों के सैंपल लैब में जांच के लिए भेजे जा रहे हैं ताकि यह साफ हो सके कि ये कितनी घातक हैं और इस रैकेट के तार कहां-कहां जुड़े हैं।

# मदन मित्रा के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा, गाड़ी में तोड़फोड़ एवं फेंके अंडे

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के कमरहट्टी में शनिवार की देर रात तृणमूल विधायक मदन मित्रा को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की और गाड़ी पर अंडे भी फेंके। घटना के बाद विधायक ने फेसबुक लाइव के जरिए कहा कि उन्होंने मौत को बहुत करीब से देखा। मिली जानकारी के अनुसार, कमरहट्टी नगरपालिका के वार्ड 14 में अशांति की सूचना पाकर मदन मित्रा शनिवार की रात वह वार्ड के पार्षद अरिंदम विश्वास से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। मदन मित्रा ने आरोप लगाया कि करीब 100 से 150 लोगों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। उनके हाथों में लाठी-डंडे थे और वे आक्रामक व्यवहार कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने उनके खिलाफ नारेबाजी की और गाड़ी पर अंडे फेंके। विधायक का यह भी आरोप है कि उनके चालक के साथ मारपीट की गई। उन्होंने दावा किया कि कुछ स्थानीय महिलाओं ने उन्हें एक घर में अंधेरे में छिपाकर सुरक्षित रखा, जिससे उनकी जान बच सकी। उनके अनुसार, करीब एक घंटे तक इलाके में तनाव और हंगामे की स्थिति बनी रही। फेसबुक लाइव में मदन मित्रा ने आरोप लगाया कि हमले के पीछे भाजपा समर्थित असामाजिक तत्व थे। उनका दावा है कि हमलावर 'जय श्रीराम' के नारे लगा रहे थे और उन्हें मारने की धमकी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय लोग और पार्षद अरिंदम विश्वास मदद के लिए आगे नहीं आते, तो उनकी जान को गंभीर खतरा हो सकता था।

# दुर्गापुर में होटल में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, चार आरोपित गिरफ्तार

✒ किशोरी को बहला-फुसलाकर सहेली लेकर गई थी होटल

✒ गिरफ्तार लोगों में होटल मैनेजर और एक युवती शामिल

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर के सिटी सेंटर में एक किशोरी को बहला-फुसलाकर होटल ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार की रात हुई इस घटना की जांच करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर एक युवती समेत दो आरोपितों और होटल के मैनेजर सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सभी आरोपितों को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं, फॉरेंसिक विभाग की टीम ने भी होटल पहुंचकर जांच की और नमूने एकत्र किए। स्वजनों का आरोप है कि किशोरी को पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया और उसके बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता को इलाज के लिए दुर्गापुर महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि शनिवार की दोपहर आरोपित दो युवक एक कार से सिटी सेंटर स्थित कविगुरु रोड के एक होटल में पहुंचे। उनके साथ पीड़ित किशोरी और एक अन्य युवती भी थी। उन्होंने होटल की चौथी मंजिल पर दो कमरे किराये पर लिए थे। आरोप है कि एक कमरे में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। रात करीब 9.30 बजे सभी लोग होटल से निकल गए। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि रात करीब 10.30 बजे उनकी बेटी को एक टोटो चालक घर छोड़कर गया। उस समय वह अस्वस्थ और नशे की हालत में थी। इसके बाद, किशोरी ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिवार को दी। इसके बाद, स्वजन उसी रात दुर्गापुर महिला थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। रविवार को किशोरी को दुर्गापुर महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई। होटल मैनेजर से पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपित युवकों और युवती तक पहुंची तथा उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया।



न्यूटाउन स्थित कंवेंशन सेंटर में भाजपा द्वारा विशेष प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, प्रदेश प्रभारी सुनील बंसल, मनोज पांडे व अन्य

# वैद्यबाटी में तृणमूल पार्षद के घर के बाहर प्रदर्शन, 'चोर-चोर' के लगे नारे

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के वैद्यबाटी नगरपालिका के वार्ड 20 में खराब सड़क और जल निकासी व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने रविवार को तृणमूल पार्षद हरिपद पाल के घर का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान 'चोर-चोर' के नारे भी लगाए गए। बताया गया है कि वैद्यबाटी के गोलापबाग नीचू मैदान इलाके में लंबे समय से जल निकासी की समस्या बनी हुई है। हल्की बारिश में भी इलाके में जलभराव हो जाता है और लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार पार्षद को समस्या से अवगत कराने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। आक्रोशित लोगों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्षद के घर के सामने प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि स्थानीय पार्षद आम लोगों की समस्याओं की अनदेखी कर केवल अपने स्वार्थ में व्यस्त रहे। काफी देर तक चले प्रदर्शन और नारेबाजी के बाद आए पार्षद हरिपद पाल ने कहा कि यदि एक महीने के भीतर इलाके की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह पार्षद पद से इस्तीफा दे देंगे। बाद में, प्रदर्शन तेज होने पर उन्होंने खुद को घर के अंदर बंद कर लिया। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के भीतर जलभराव की समस्या दूर नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। वहीं, पार्षद हरिपद पाल ने पूरे मामले को राजनीतिक साजिश करार दिया है।

# भाजपा की विजय के उपलक्ष्य में हावड़ा में सम्मान समारोह आयोजित





**हावड़ा, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में हावड़ा के कोरल बगीचा क्षेत्र में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बाली के विधायक संजय सिंह, उत्तर हावड़ा के विधायक एवं पश्चिम बंगाल सरकार के राज्य मंत्री उमेश राय तथा हावड़ा जिला भाजपा अध्यक्ष गौरांग भट्टाचार्य का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने भाजपा की जीत को राज्य की जनता के विश्वास, विकास की अपेक्षाओं और परिवर्तन की भावना का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से अपने विश्वास को व्यक्त किया है और नई जिम्मेदारियों के साथ जन-सेवा की अपेक्षा भी बढ़ी है। समारोह का आयोजन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुभाष झा, भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल-1 के पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जयंत गुप्ता, विशाल गिरी, ऋषभ सिंह, अमित राय एवं पंकज शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक प्रतिष्ठित समाजसेवी, व्यवसायी और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने सम्मानित अतिथियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य के विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। समारोह का समापन अतिथियों के सम्मान और आभार ज्ञापन के साथ हुआ।


बिप्लब मंडल का सम्मान करते गोपाल सील, संदीप गुप्ता व अविनाश सिंह।


मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती के साथ उपस्थित विधायक रितेश तिवारी, विजय ओझा व पार्षद संतोष पाठक


इंडियन जेम एंड ज्वेलरी के चेयरमैन प्रमोद दुगड़ का स्वागत करते समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय


समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय के साथ राजेंद्र प्रसाद साव, विकास जायसवाल व राजेंद्र प्रसाद राय


समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय के साथ सुभाष बंसल, विकास जायसवाल, विक्रांत सिंह, दीपक सिंह, समाज्ञा के मार्केटिंग हेड चन्दन कुमार राय, प्रभात सिंह, नवीन जायसवाल


मंत्री तापस राय का सम्मान करते कमल दुगड़,मनोज तिवारी, सुभाष बंसल, संतोष पाठक, विजय ओझा, भोला सोनकर, विकास जायसवाल


विधायक दिलीप सिंह का सम्मान करते विनोद अग्रवाल, विकास जायसवाल, प्रशांत कुमार, मनोज तिवारी, सुभाष बंसल, नलिन विलोचन


प्रशांत कुमार का सम्मान करते अविनाश कुमार सिंह, अरविंद पाण्डेय, अम्बरीष सिंह, समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय


उद्योगपति रतन चौधरी का सम्मान करते समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय, साथ में हैं नंदकिशोर लखोटिया, शशिकांत राय, समाजसेवी विजय जायसवाल


भाजपा युवा मोर्चा की स्टेट वाईस प्रेजिडेंट प्रियंका शर्मा का सम्मान करते जयंत गुप्ता


मंच पर उपस्थित समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय, अरविन्द ठाकुर, समाज सेवी रमेश ठाकुर, शिक्षक अवदेश राय, संदीप गुप्ता, विक्रांत सिंह, राजीव सिन्हा


समाजसेवी सुनील चौधरी का सम्मान करते समाज्ञा के मार्केटिंग हेड चन्दन राय, साथ में हैं विकास जायसवाल


कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता बिप्लब मंडल, इंडियन जेम एंड ज्वेलरी के चेयरमैन प्रमोद दुगड़, राजीव सिन्हा


जैन समाज के कर्णधार कमल दुगड़ का सम्मान करते समाज्ञा के संपादक अनिल कुमार राय


सुरेंद्र बोरर का सम्मान करते समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद राय, पार्षद संतोष पाठक

## रांची में आदिवासी युवती से सामूहिक दुष्कर्म; आठ गिरफ्तार, नाबालिग हिरासत में

**रांची:** झारखंड के रांची जिले में 20 वर्षीय एक आदिवासी युवती से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार देर रात मांडर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवती को जबरन गांव से सटे एक सुनसान स्थान पर ले गए, जहां उन्होंने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के बयान के आधार पर शनिवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद रांची के एक सरकारी अस्पताल में युवती की चिकित्सीय जांच कराई गई। रांची (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव गोस्वामी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हमने इस सिलसिले में रविवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। आरोपियों को बुरमू और चान्हो थाना क्षेत्रों में कई स्थानों पर छापेमारी कर पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की उम्र 19 से 24 वर्ष के बीच है, जबकि हिरासत में लिए गए किशोर की उम्र 15 वर्ष है।

## दिल्ली में आज पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान इस मौसम के औसत से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। न्यूनतम तापमान मौसम के औसत से 0.1 डिग्री अधिक 27.7 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने सोमवार को आमतौर पर आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। विभाग ने अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने की उम्मीद जताई है। शाम 5.30 बजे सापेक्ष आर्द्रता 31 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शाम चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 144 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी का है।

## भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के सात-आठ वर्षों में 45 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद: जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि वर्तमान में लगभग नौ अरब अमेरिकी डॉलर की भारतीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के अगले सात से आठ वर्षों में बढ़कर करीब 45 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। मंत्री ने यह भी कहा कि देश का अंतरिक्ष स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र कुछ वर्ष पहले एकल अंक की संख्या में था, जो आज बढ़कर लगभग 400 हो गया है। सिंह ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने परमाणु क्षेत्र के कुछ हिस्सों और अंतरिक्ष जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में निजी भागीदारी के लिए रास्ता खोला है, जिससे दशकों पुरानी सीमित पहुंच की व्यवस्था समाप्त हुई है।'' उन्होंने मीडिया से बातचीत में मोदी सरकार के पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल पर विचार व्यक्त करते हुए ये बातें कहीं। मंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में सोच में जो बदलाव आया है, वह सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। लोगों में 'मैं भी यह कर सकता हूं' जैसी आकांक्षी सोच विकसित हुई है, जो पहले नहीं थी।''

## झारखंड में एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे कांग्रेस और झामुमो

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने झारखंड में होने वाले राज्यसभा चुनावों में एक-एक सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। दोनों गठबंधन सहयोगी दलों के नेताओं के बीच एक बैठक में इस बाबत सहमति बन गई है। झामुमो ने पहले संकेत दिया था कि वह दोनों राज्यसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा और एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी, जबकि कांग्रेस ने भी दो सीटों में से एक के लिए अपने उम्मीदवार का नाम घोषित कर दिया। राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 18 जून को होंगे। बैठक में शामिल एक वरिष्ठ नेता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमने मामला सुलझा लिया है और अब झामुमो तथा कांग्रेस एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे।''

# भारत और इंडोनेशिया ने रक्षा, सेमीकंटक्टर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की

**नयी दिल्ली:** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को अपने इंडोनेशियाई समकक्ष सुगियोनो की मेजबानी करते हुए भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा, समुद्री व्यापार, निवेश, दवा उद्योग और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। इंडोनेशिया दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और दोनों देशों के बीच व्यापार तथा निवेश समेत समग्र संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है। सुगियोनो इस समय नयी दिल्ली की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी में हाल के वर्षों में मजबूत प्रगति देखी



गई है। उन्होंने कहा, हमने राजनीतिक, रक्षा एवं सुरक्षा, समुद्री और नौवहन, व्यापार, फिनटेक, स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, उर्वरक, महत्वपूर्ण खनिजों के साथ-साथ पर्यटन, शिक्षा और सांस्कृतिक सहयोग पर सार्थक चर्चा की। उन्होंने कहा, हमने क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर अपने दृष्टिकोण साझा किए, बहुपक्षीय समन्वय को आगे बढ़ाने और भारत-आसियान संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। यह जानकारी भी मिली है कि दोनों मंत्रियों ने पश्चिम एशिया संकट के आर्थिक प्रभावों पर भी विचार-विमर्श किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि जयशंकर और सुगियोनो ने भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अंतर्गत द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। मंत्रालय ने कहा, उन्होंने राजनीतिक, रक्षा व सुरक्षा, समुद्री क्षेत्र, व्यापार एवं निवेश, फार्मा और स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल, ऊर्जा, संपर्क, अंतरिक्ष, शिक्षा, वाणिज्य दूतावास संबंधी और सांस्कृतिक क्षेत्रों तथा लोगों के बीच संपर्क को और मजबूत बनाने के अवसरों पर चर्चा की। जयशंकर और सुगियोनो ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति का भी स्वागत किया।

## दिल्ली होटल अग्निकांड: विदेशी नागरिक की मौत, मृतकों की संख्या बढ़कर 22 हुई

**नयी दिल्ली:** दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में लगी आग में घायल हुए एक विदेशी नागरिक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिससे इस त्रासदी में मरने वालों की संख्या 22 हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। हौज रानी इलाके में स्थित फ्लोरिश स्टेज़ बी एंड बी में बुधवार की सुबह भीषण आग लग गई थी जिसमें एक 16 वर्षीय लड़की और किर्गिस्तान, नाइजीरिया, बांग्लादेश, इराक, कांगो, मोज़ाम्बिक और लाइबेरिया के कई विदेशी नागरिकों सहित 21 लोगों की मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अनंत मित्तल ने बताया कि दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती एक विदेशी नागरिक की कल देर रात मौत हो गई। इसके साथ ही, हाल के वर्षों में राष्ट्रीय राजधानी में हुए सबसे घातक अग्निकांड में से एक में मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है।

## प्रधानमंत्री चाहते हैं कि युवा रील बनाते रहें और पकौड़े तलते रहें : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सीबीएसई और 'कोएम्प्ट' के बीच 'मिलीभगत का पर्दाफाश' करने वाले छात्र सार्थक सिद्धांत और उनके सहयोगी निसर्ग अधिकारी की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि युवा 'रील बनाते रहें और पकौड़े तलते रहें', लेकिन इन दोनों युवाओं ने सवाल उठाए और जवाब भी ढूंढ़ निकाले। गांधी ने पिछले सप्ताह सार्थक सिद्धांत के साथ अपनी मुलाकात का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया, जो सीबीएसई की 'ऑनस्क्रीन मार्किंग सिस्टम' (ओएसएम) से प्रभावित 18 वर्षीय छात्र है और जिसने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं में ओएसएम प्रक्रिया के लिए वेंडर के चयन की निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की ओर इशारा किया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने कहा, 'सार्थक 18 साल का है - पर सोच, साहस और सिद्धांत में किसी से कम नहीं। उसने और उसके साथी निसर्ग ने वो कर दिखाया जो देश के बड़े मीडिया प्रतिष्ठान, खोजी पत्रकार नहीं कर पाए - सीबीएसई और 'कोएम्प्ट' की मिलीभगत को देश के सामने रख दिया।' उन्होंने कहा कि देश का 18 साल का बच्चा सीबीआई से तेज निकला, नौजवानों की ये जीत सही मायने में सरकार की हार है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''मोदी जी चाहते हैं हमारे युवा रील बनाते रहें, पकौड़े तलते रहें, सवाल न पूछें, आंखें न खोलें।

## वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति गोमेज ने प्रशांति निलयम में की पूजा-अर्चना



**पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश):** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी एलोइना रोड्रिग्ज गोमेज ने श्री सत्य साई जिले में स्थित प्रशांति निलयम में पूजा-अर्चना की। गोमेज श्री सत्य साई हवाईअड्डे पहुंचीं, जहां 'श्री सत्य साई सेंट्रल ट्रस्ट' के प्रबंध न्यासी आरजे रत्नाकर, न्यास के सदस्य मनोहर शेट्टी और अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। न्यास के अनुसार वह शनिवार और रविवार को साई कुलवंत हॉल आईं और साई बाबा की 'सन्निधि' में मत्था टेका और प्रार्थना एवं भजन सत्रों में भाग लिया। रविवार को मंगला आरती के बाद, उन्होंने न्यास के सदस्यों से बातचीत करने से पहले भजन हॉल में कुछ समय एकाग्रता के साथ बिताया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सम्मान के रूप में रत्नाकर ने उन्हें श्री सत्य साई बाबा का एक फ्रेमयुक्त चित्र भेंट किया। वेनेजुएला की नेता ने आध्यात्मिक गुरु के पवित्र निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रशांति निलयम से प्रस्थान करने से पहले प्रार्थना की।

## हम भारत के साथ सीमा मुद्दों का द्विपक्षीय समाधान चाहते हैं : नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल

**नयी दिल्ली:** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने रविवार को कहा कि नेपाल भारत के साथ अपने सीमा विवाद को मौजूदा द्विपक्षीय तंत्रों के माध्यम से हल करना चाहता है, क्योंकि जब दोनों पक्ष खुले दिल, तार्किक सोच और आपसी सम्मान के साथ मिलते हैं तो कोई भी समस्या बहुत बड़ी और जटिल नहीं होती। नेपाल के विदेश मंत्री ने किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को अस्वीकार करने के नयी दिल्ली के रुख का प्रभावी रूप से समर्थन किया। खनाल ने कहा कि नेपाल की नयी सरकार भारत को ''21वीं सदी की भू-राजनीति के विकृत, अति संवेदनशील नजरिये'' से नहीं देखती, बल्कि इसका उद्देश्य



भारत को स्पष्ट दृष्टि से देखना और नेपाल के आर्थिक परिवर्तन के लिए एक पारदर्शी एजेंडा निर्धारित करना है। नेपाल के विदेश मंत्री अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर के साथ व्यापक वार्ता करने के एक दिन बाद मीडिया से बात कर रहे थे। दोनों विदेश मंत्रियों ने व्यापार, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को और अधिक विस्तारित करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया। खनाल की भारत की तीन-दिवसीय यात्रा शुक्रवार को शुरू हुई और यह यात्रा ऐसे वक्त हुई है जब नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के दोनों पक्षों के बीच सीमा विवाद पर हाल ही में दिए गए बयान से तीव्र विवाद उपजा है। शाह ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए चीन और ब्रिटेन की भागीदारी का भी सुझाव दिया था। नेपाल के विदेश मंत्री ने भारत के तेजी से वैश्विक आर्थिक और तकनीकी महाशक्ति में परिवर्तित होने को स्वीकार करते हुए, इस गतिशील पड़ोसी के साथ साझेदारी की इच्छा व्यक्त की।

## रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी: शरद पवार ने कहा, सरकार को 'राजनीतिक कीमत' चुकानी पड़ेगी

**कोल्हापुर (महाराष्ट्र):** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) प्रमुख शरद पवार ने बढ़ती महंगाई को लेकर रविवार को केंद्र सरकार की आलोचना की और दावा किया कि आवश्यक वस्तुओं की बार-बार बढ़ रही कीमतों का बोझ आम लोगों पर पड़ रहा है, जिसके लिए सरकार को राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि महंगाई के कारण देश भर के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और उन्होंने सरकार के इस रुख पर सवाल उठाया कि मूल्य वृद्धि नियंत्रण में है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महंगाई के संबंध में अपने पहले के रुख से पलटने का आरोप लगाया और कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी अब आम लोगों को प्रभावित करने वाले मुद्दों के प्रति वैसी चिंता नहीं दिखा रही है, जैसी उसने विपक्ष में रहते हुए दिखाई थी। घरेलू रसोई गैस के दाम में प्रति सिलेंडर 29 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। पिछले तीन महीनों में यह दूसरी बार है, जब घरेलू एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई है। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन की कीमतों में वृद्धि होने के बाद सात मार्च को प्रति सिलेंडर 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी।

## अमेरिका में हैदराबाद के युवक की गोली मारकर हत्या, परिवार ने न्याय की मांग की

**हैदराबाद:** हैदराबाद के 28 वर्षीय एक युवक की कथित तौर पर अमेरिका में पिज्जा डिलीवरी करते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। पास के गुंडलापोचमपल्ली में रहने वाले उसके परिवार ने घटना की जानकारी दी। यह घटना पांच और छह जून की दरमियानी रात को अमेरिका के फिलाडेल्फिया में घटी। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शनिवार देर रात 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हम फिलाडेल्फिया, पेंसिल्वेनिया में भारतीय नागरिक अंशुल कुंचा के असमय निधन से बेहद दुखी हैं। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। वाणिज्य दूतावास अंशुल के परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।' अंशुल की बहन तन्वी ने



मीडियाकर्मियों को बताया कि वह उत्तरी फिलाडेल्फिया, अमेरिका की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करता था और सप्ताहांत में अतिरिक्त आय के लिए पिज्जा डिलीवरी करते थे। उनकी बहन ने कहा, 'हमें बताया गया कि उन्हें (अंशुल को) सिर में तीन गोलियां मारी गईं और सड़क पर छोड़ दिया गया।' तन्वी के अनुसार अंशुल का कोई भी सामान चोरी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि अंशुल को एक सुनसान इलाके में पिज्जा डिलीवर करने के लिए कहा गया था और बाद में उन्हें पता चला कि यह एक धोखा था। उन्होंने न्याय की मांग की और विदेश मंत्रालय से अपने भाई के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द वापस लाने की अपील की। तन्वी के मुताबिक, 'हमें बताया गया है कि शव सोमवार को सौंप दिया जाएगा। बस हमारे भाई को वापस दे दीजिए। मैं बस यही चाहती हूं। और मुझे न्याय चाहिए। हमें कोई शक नहीं है... यह एक धोखा था। अमेरिकी मीडिया की खबरों के अनुसार, ऐसा लगता है कि काले नकाब पहने और पीठ पर बैग लटकाए दो बंदूकधारी थे।'

## एनटीए ने नीट-यूजी 2026 के लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा शहरों के बारे में जानकारी दी

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 21 जून को होने वाली नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा के लिए रविवार को परीक्षार्थियों को प्रस्तावित परीक्षा शहरों की जानकारी दी। एनटीए ने 'एक्स' एक पोस्ट में कहा कि उम्मीदवार अब नीट-यूजी 2026 के लिए आवंटित परीक्षा शहर की जानकारी देख सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने आवेदन संख्या और पासवर्ड से लॉग-इन करके अपनी पर्ची देखनी और डाउनलोड करनी होगी। एजेंसी की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, पुनर्परीक्षा 21 जून को दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक 'पेन-एंड-पेपर' (कंप्यूटर रहित) मोड में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा भारत के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में होगी। एनटीए ने स्पष्ट किया कि परीक्षा शहर सूचना पर्ची 'एडमिट कार्ड' नहीं है।

## मुंबई हवाई अड्डे पर डीआरआई ने पांच करोड़ रुपये का सोना जब्त किया, सात लोग गिरफ्तार

**मुंबई:** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बांग्लादेशी और श्रीलंकाई नागरिकों से जुड़े सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पांच करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि इस गिरोह से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें हवाई अड्डे के तीन कर्मचारी भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई मुंबई जोनल यूनिट ने शनिवार को हवाई अड्डे पर 'ऑपरेशन गोल्डन नेक्सस' चलाया और लगभग पांच करोड़ रुपये मूल्य का दूसरे देश से आया 24 कैरेट सोने का पाउडर जब्त किया। अधिकारी के




मुताबिक, अभियान के दौरान डीआरआई ने दूसरे देशों के तीन यात्रियों (एक बांग्लादेशी नागरिक और दो श्रीलंकाई नागरिकों) सहित सात लोगों को हिरासत में लिया, जिन्होंने कथित तौर पर अपने शरीर के अंदर सोना छिपाकर भारत में तस्करी की थी। अधिकारी ने बताया कि हवाई अड्डे के तीन कर्मचारी (जिनमें दो बस कोच चालक और एक कोच मॉनिटर शामिल थे) को भी उस समय पकड़ा गया, जब वे सोना प्राप्त कर उसे हवाई अड्डे के बाहर एक स्थानीय प्राप्तकर्ता तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उस प्राप्तकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी के अनुसार, मामले की जांच जारी है।

## सिक्किम में कार दुर्घटना: लापता चार लोगों के शव तीस्ता नदी से बरामद

**गंगटोक:** पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में तीस्ता नदी में दो दिन पहले कार गिरने के बाद लापता हुए सिक्किम के चार लोगों के शव रविवार को बरामद किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सिक्किम पुलिस ने बताया कि गंगटोक जिले के लिंगडोक निवासी स्मारिका नेओपाने (28), शैब्या नेओपाने (27), टीका दहल (27) और दित्या छेत्री (5) के शव पड़ोसी राज्य के बागपुल के पास नदी से बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, चारों पांच जून को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के लिए रवाना हुए थे, और बाद में, परिवार के सदस्यों ने शिकायत दर्ज कराई कि वे उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। जांचकर्ताओं को संदेह था कि वाहन तीस्ता नदी में गिर गया था, क्योंकि नदी के किनारे स्थित एनएच-10 के एक हिस्से से कार की बैटरी और हेडलाइट के कुछ हिस्से बरामद किए गए थे। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मियों ने पुलिस और स्थानीय स्वयंसेवकों की सहायता से नदी में व्यापक तलाशी अभियान चलाया और अंततः डूबे हुए वाहन का पता लगा लिया। उन्होंने बताया कि वाहन के अंदर से चारों यात्रियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह समूह सिलीगुड़ी में अपने माता-पिता से मिलने जा रहा था, जिनका वहां इलाज चल रहा था। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने हादसे पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## राजस्थान में कीटनाशकों के उपयोग से 535 किसानों की हुई मौत: कृषि विभाग

**जयपुर:** राजस्थान में जनवरी 2024 से जनवरी 2026 के बीच कीटनाशकों के उपयोग के दौरान 535 किसानों की मौत हुई। कृषि विभाग ने कांग्रेस विधायक के एक सवाल में यह जानकारी मुहैया कराई। कांग्रेस विधायक अमीन कागजी द्वारा हाल ही में विधानसभा में पूछे गये एक अतारांकित प्रश्न के जवाब में विभाग ने यह जानकारी मुहैया कराई। विभाग ने बताया कि मृत किसानों के परिजनों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 5.10 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। विभाग के मुताबिक, कीटनाशक छिड़काव के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपायों को अपनाने में विफल रहने और कीटनाशकों के अंधाधुंध व असुरक्षित उपयोग के कारण किसान, कृषि मजदूर



और अन्य लोग बीमार पड़ सकते हैं और कुछ मामलों में उनकी मौत भी हो सकती है। जिला-वार आंकड़ों में बीकानेर में सबसे अधिक 57 मौतें दर्ज की गईं, इसके बाद चूरू (56), हनुमानगढ़ (42), झालावाड़ (42), जोधपुर (38), श्रीगंगानगर और ब्यावर में 31-31 मौतें हुईं। विभाग ने बताया कि धौलपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, सिरोही, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और सालूमर में कीटनाशकों के उपयोग से किसी की मौत नहीं हुई। वहीं कोटपूतली-बहरोड़, बालोतरा, जालोर और उदयपुर में एक-एक किसान की मौत हुई। विभाग के मुताबिक, करौली में दो, खैरथल-तिजारा, दौसा और जयपुर में तीन-तीन, भरतपुर में चार और राजसमंद में पांच लोगों की मौत हुईं। विभाग ने बताया कि कीटनाशक अधिनियम, 1968 और कीटनाशक नियम, 1971 के तहत मुआवजे का कोई प्रावधान नहीं है हालांकि, राज्य सरकार की कल्याणकारी योजना के तहत आर्थिक सहायता दी गई। विभाग के मुताबिक, राज्य में प्रतिबंधित, घटिया या नकली कीटनाशकों की खुली बिक्री का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। कागजी ने आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह स्थिति अधिक जागरूकता और कीटनाशक उपयोग की सख्त निगरानी की मांग करती है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी से चिंतित मेघालय के एक गांव के निवासियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**पिनुरस्ला (मेघालय):** भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र में स्थित मेघालय के एक गांव के निवासियों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए सीमा पर बाड़बंदी 'जीरो लाइन' पर करने की मांग की और कहा कि अगर ऐसा न हुआ तो उनका गांव देश के बाकी हिस्सों से कटकर अलग-थलग पड़ जाएगा। लिंघखोंग गांव मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर 'जीरो लाइन' के बिल्कुल निकट स्थित है। यह उन चुनिंदा गांवों में से एक है जहां मकान बांग्लादेश की बस्ती से महज कुछ मीटर की दूरी पर हैं। अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार, सीमा बाड़बंदी 'जीरो लाइन' से कम से कम 150 गज की दूरी पर की जानी चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोविड-19 महामारी के दौरान ग्रामीणों द्वारा लगाई गई बांस की बाड़ ही गांव और बांग्लादेश के बीच विभाजन रेखा का काम करती है और तब से स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया है। रविवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और पिनुरस्ला के उप-मंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बाड़बंदी कार्य तत्काल रोकने की मांग की। गांव के मुखिया रामू ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम सीमा बाड़बंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि बाड़ 'जीरो लाइन' पर लगाई जाए ताकि हमारा गांव भारत में और बाड़बंदी वाले क्षेत्र के अंदर बना रहे।'

# भारत में स्वदेशी न्यायशास्त्र के विकास पर काफी जोर दिया गया है: सीजेआई सूर्यकांत

**नयी दिल्ली:** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने प्रौद्योगिकी को हमेशा इंसानी सोच-समझ में मदद करने के साधन के रूप में देखा है, ना कि न्यायाधीशों की स्वतंत्र सोच और फैसले लेने की क्षमता के विकल्प के रूप में। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय परिस्थितियों और मूल्यों के अनुरूप न्यायिक सिद्धांतों को विकसित करने पर काफी जोर दिया गया है। ऑक्सफोर्ड यूनियन और ऑक्सफोर्ड लॉ सोसाइटी में कॉन्स्टिट्यूशनल प्रॉमिस टू डिजिटल रियलिटी: सेफगार्डिंग जस्टिस इन द एज ऑफ एआई एंड टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट विषय पर अपने संबोधन में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पहले से जारी प्रौद्योगिकी से जुड़ीं पहलों के अलावा, न्यायपालिका के लिए एक स्वदेशी एआई प्रणाली विकसित करने की संभावनाओं पर गंभीरता से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, भारत के उच्चतम न्यायालय ने



प्रौद्योगिकी को हमेशा इंसानी सोच-समझ में मदद करने के साधन के रूप में अपनाया है, न्यायाधीशों की स्वतंत्र सोच और फैसले लेने की क्षमता के विकल्प के रूप में नहीं। साथ ही, ऐसे 'स्वदेशी न्यायशास्त्र' के विकास पर विशेष जोर दिया गया है, जिसमें भारत के संवैधानिक मूल्यों, संस्थागत वास्तविकताओं, भाषाई विविधता और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा गया हो, और केवल विदेश से आए तकनीकी मॉडल या धारणाओं पर निर्भर न हो। उन्होंने कहा कि युवा वकील, न्यायिक अधिकारी और विधिक पेशेवर न्यायपालिका के तकनीकी परिवर्तन के लिए एक उत्साहवर्धक स्रोत हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मैं कानून के क्षेत्र के युवाओं की बात कर रहा हूं, भारत में ऐसे युवा आसानी से खुद को प्रौद्योगिकी के अनुरूप ढाल लेते हैं, चाहे वह जिला न्यायालय का न्यायिक अधिकारी हो, चाहे वह सरकारी वकील हो, और यहां तक कि वे लोग भी, जो कॉर्पोरेट संस्थाओं को कानूनी सलाहकार के रूप में सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ये युवा भारतीय न्यायपालिका में इन सभी सुधारात्मक परिवर्तनों को लाने में वास्तव में एक अत्यंत उत्साहवर्धक सूत्रधार रहे हैं।

## यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा आज से, 32,679 पदों के लिए 28.86 लाख अभ्यर्थी होंगे शामिल

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी (सिपाही) नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा सोमवार से शुरू होगी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह परीक्षा आठ, नौ और 10 जून को प्रदेश के सभी 75 जिलों में आयोजित की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत 32,679 पदों के लिए कुल 28,86,797 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के सफल और निष्पक्ष संचालन के लिए प्रदेशभर में 1,183 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक संचालित की जाएगी।



अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए निर्धारित समय के अलावा पांच मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा। तीन दिनों में कुल छह पालियों में परीक्षा संपन्न होगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के महानिदेशक एस.बी. शिरडकर ने बताया कि अभ्यर्थियों की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रत्येक पाली में लगभग 4,81,416 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन, पुलिस विभाग और जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। शिरडकर ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है तथा अभ्यर्थियों की पहचान और प्रवेश प्रक्रिया के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। भर्ती बोर्ड के महानिदेशक ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षकों तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। साथ ही, परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# भारत ने आठ विकेट पर 564 रन पर पारी घोषित की

## अफगानिस्तान ने 28 रन पर एक विकेट गंवाया



**मुल्लांपुर :** विकेटकीपर ऋषभ पंत अपने टेस्ट करियर का नौवां शतक बनाने का सुनहरा अवसर चूक गए, जबकि वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) ने बिना किसी दबाव के शानदार अर्धशतक जड़ा, जिससे भारत ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन रविवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ आठ विकेट पर 564 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की। चाय के विश्राम तक अफगानिस्तान ने अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 28 रन बना लिए थे। पदार्पण कर रहे मानव सुथार ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी चौथी ही गेंद पर विकेट हासिल कर यादगार शुरुआत की। अब्दुल मलिक (16) स्लॉग स्वीप खेलने के प्रयास में शॉर्ट लेग पर मोहम्मद सिराज को आसान कैच थमा बैठे। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग की निराशा को पीछे छोड़ते हुए अपने आलोचकों को बल्ले से करारा जवाब दिया। उन्होंने आकर्षक शॉट्स से सजी 81 रन की पारी खेली। दूसरी ओर, अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम ने भी मुश्किल परिस्थितियों में 140 रन देकर छह विकेट झटके। रविवार को स्टेडियम में अपेक्षाकृत कम दर्शकों की मौजूदगी के बीच पंत ने अपने चिर-परिचित आक्रामक और संयमित बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश किया। उन्होंने अनावश्यक जोखिम लेने से बचते हुए हर गेंद को उसकी गुणवत्ता के आधार पर खेला। उन्होंने 121 गेंदों में 81 रन बनाए। उनकी पारी में छह चौके और तीन छक्के शामिल रहे। पंत शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन ऑफ स्पिनर हशमुतुल्लाह शाहिदी ने अचानक अपनी गेंद की गति काफी धीमी कर दी। पंत ने उसे आगे बढ़कर खेलना चाहा लेकिन उनका शॉट हवा में लहरा गया और वह कैच आउट हो गए। अफगानिस्तान की ओर से आईपीएल स्टार अजमतुल्लाह ओमरजई बदकिस्मत नजर आए। दूसरी नई गेंद से उन्होंने प्रभावशाली गेंदबाजी की और कई बार बल्लेबाजों को परेशान किया, लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली। पहले दिन की तरह दूसरे दिन भी भारतीय बल्लेबाजों को जीवनदान मिला। गेंद पंत के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में गई, लेकिन विकेटकीपर और क्षेत्ररक्षकों ने अपील नहीं की। भारत ने सुबह अपनी पारी तीन विकेट पर 368 रन से आगे बढ़ाई और पहले सत्र में 25 ओवर में 107 रन जोड़े। इस दौरान उसने कप्तान शुभमन गिल (177 गेंदों पर 126 रन), ध्रुव जुरेल (20 गेंदों पर 19 रन) और ऋषभ पंत (121 गेंदों पर 81 रन) के विकेट गंवाए।

### पदार्पण में चमके सुथार, अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की मजबूत पकड़



पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार की कलात्मक गेंदबाजी ने भारतीय क्रिकेट को उज्ज्वल भविष्य की झलक दिखाई और उनके तीन विकेटों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन पूरी तरह दबदबा कायम कर लिया।

# सूर्यवंशी से तुरंत चमत्कार की उम्मीद नहीं करें: सौरव गांगुली



**मुंबई :** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने रविवार को कहा कि भारत के लिए पदार्पण की दहलीज पर खड़े किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को अपने खेल में ढलने का समय दिया जाना चाहिए और उन पर अपेक्षाओं का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम में चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे के लिए टी20 टीम में चुना गया है जिसके बाद वह जापान में होने वाले एशियाई खेलों में भी हिस्सा लेंगे। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम के इतर पीटीआई से कहा, ''मेरा मानना है कि हमें उसे उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए। वह अभी महज 15 साल का है और मुझे नहीं लगता कि वह दबाव की ज्यादा परवाह करेगा। आईपीएल में भी हमने यही देखा है। '' पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि ब्रिटेन की परिस्थितियां आईपीएल में माहौल से काफी अलग होंगी और सूर्यवंशी को अपने खेल को उसके अनुसार ढालने की चुनौती मिलेगी। गांगुली ने कहा, ''निश्चित रूप से भारत के लिए खेलना अलग बात है और वह ऐसे दौरे पर जाएगा जहां विकेट थोड़े अलग होंगे। '' उन्होंने कहा, ''वहां गेंद अधिक सीम करेगी, उछाल ज्यादा होगा और नयी गेंद से अधिक मूवमेंट मिलेगा। इसलिए खेल थोड़ा अलग होगा, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें अपार प्रतिभा है। '' उन्होंने कहा, ''इसलिए उसे समय दीजिए। उससे तुरंत दुनिया जीत लेने की उम्मीद मत कीजिए। उसे अपने खेल में जमने का मौका दीजिए क्योंकि भारत में कई अन्य खिलाड़ियों की तरह उसमें भी बहुत प्रतिभा है। '' दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा कि सूर्यवंशी के कम अनुभव को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। उनके अनुसार सूर्यवंशी ने अपने शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम में जगह बनाने का पूरा हक हासिल किया है। डिविलियर्स ने कहा, ''यह कहना आसान है कि वह अभी बहुत छोटा है, तैयार नहीं है या उसे और अनुभव की जरूरत है। '' उन्होंने कहा, ''लेकिन उसने अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया है कि वह भारतीय टी20 टीम में जगह पाने का हकदार है। मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। ''

### इंग्लैंड-आयरलैंड दौरे पर वैभव सूर्यवंशी के साथ रहेंगे माता-पिता

**मुंबई :** भारतीय क्रिकेट में उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी के माता-पिता राष्ट्रीय टीम के आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के दौरान उनके साथ रहेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसी-सीआई) ने उनके ब्रिटेन प्रवास का पूरा खर्च वहन करने का निर्णय लिया है। महज 15 वर्षीय सूर्यवंशी को हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद शनिवार को भारतीय टी20 टीम में शामिल किया गया था। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, बोर्ड उनके माता-पिता के सभी खर्चों का ध्यान रखेगा। हमारा मानना है कि इतनी कम उम्र के खिलाड़ी के लिए परिवार का साथ होना बेहद महत्व-पूर्ण है। भारतीय टीम 26 और 28 जून को बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 मुकाबले खेलेगी। इसके बाद टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी, जहां पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। बाएं हाथ के किशोर बल्लेबाज सूर्यवंशी को आगामी एशियाई खेलों के लिए भी भारतीय टीम में जगह मिली है, जिनका आयोजन जापान में होना है।

## भारतीय एथलेटिक्स सीरीज: हरजीत सिंह100 मीटर दौड़ में रहे अव्वल

**पुणे :** भारतीय एथलेटिक्स सीरीज के आठवें चरण में रविवार को यहां वायु सेना के धावक हरजीत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 10.17 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र के रुशीप्रसाद देसाई ने 10.35 सेकंड के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि लॉरी अनंत मेलगे 10.36 सेकंड का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहे। महाराष्ट्र के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन अन्य स्पर्धाओं में भी जारी रहा। अंडर-20 पुरुष 100 मीटर स्पर्धा में आदित्य पिसाल ने 10.23 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में रिलायंस के यशस पी ने 46.82 सेकंड के साथ स्वर्णिम सफलता हासिल की। तुषार कांति मन्ना (47.19 सेकंड) दूसरे और शुभम डी (47.74 सेकंड) तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में कर्नाटक की प्रकृति रूपा ने 11.65 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश की निपम 11.69 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि दिल्ली की चारु शौकीन 12.06 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में महाराष्ट्र की ऐश्वर्या मिश्रा ने 54.22 सेकंड का समय लेकर बाजी मारी।

## इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में चौथे दिन न्यूजीलैंड को 115 रन से हराया



**लंदन :** इंग्लैंड ने रविवार को लॉर्ड्स में पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन लंच से पहले न्यूजीलैंड पर 115 रन से जीत हासिल की जो ऑस्ट्रेलिया में एशेज में मिली निराशाजनक हार के बाद टीम के लिए नयी और सकारात्मक शुरुआत है। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 55 रन से खेलना शुरू किया और उसे जीत के लिए 254 रन चाहिए थे। न्यूजीलैंड ने खेल के पहले दो घंटे के अंदर अपने बाकी पांच विकेट गंवा दिए और पूरी टीम 138 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 30 रन देकर पांच विकेट झटके। गेंदबाजों की मुफीद पिच पर 24 बल्लेबाज बोल्ड हुए या पगबाधा आउट हुए। स्पिनरों को मैच में एक भी गेंद नहीं मिली। ग्लेन फिलिप्स न्यूजीलैंड के शीर्ष स्कोरर रहे जिन्होंने नाबाद 44 रन बनाए। इंग्लैंड ने पहली पारी में 140 और दूसरी पारी में 226 रन बनाए। न्यूजीलैंड की पहली पारी 113 रन पर सिमट गई। एशेज दौरे पर ऑस्ट्रेलिया से 1-4 से मिली हार के बाद गर्मियों की इस पहली टेस्ट सीरीज को इंग्लैंड के लिए एक नयी शुरुआत माना जा रहा है। कप्तान बेन स्टोक्स की टीम के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले सलामी बल्लेबाज एमिलियो गे दोनों टीमों में 57 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने वाले खिलाड़ी रहे। वहीं 2024 के बाद पहली बार टीम में शामिल हुए ओली रोबिन्सन ने मैच में सात विकेट (39 रन देकर पांच विकेट और 38 रन देकर दो विकेट) चटकाए। तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 17 जून से लंदन के 'द ओवल' में शुरू होगा।

## मानव के पास जितना कौशल है, उसे खेलते हुए देखना मजेदार है: वाशिंगटन सुंदर



**मुल्लांपुर :** ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का मानना है कि पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार के पास कमाल का कौशल है और आने वाले दिनों में उन्हें खेलते हुए देखना मजेदार होगा। अफ़गानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में रविवार को दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजों में सुथार का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा और उन्होंने पांच में से तीन विकेट झटके। सुथार के प्रदर्शन पर पूछने पर ऑफ-स्पिनर वाशिंगटन ने उनकी खूब तारीफ़ की। भारत की पहली पारी में नाबाद अर्धशतक जड़ने वाले वाशिंगटन ने कहा, ''वह (सुथार) शानदार रहा। हम खिलाड़ी के तौर पर पिछले कुछ साल से उसके साथ खेल रहे हैं और जानते हैं कि वह असल में क्या कर सकता है, विशेषकर इस प्रारूप में। '' उन्होंने कहा, ''उसके पास जितना कौशल है और जिस तरह से उसने इतने साल में उन पर काम किया है, उसे देखना सच में बहुत अच्छा लगता है। उसका अपने सर्वश्रेष्ठ कौशल से खेलना, खासकर दूसरे दिन, कमाल का है। '' लम्बे कद के इस ऑफ-स्पिनर ने कहा, ''उसे बधाई। आप उससे और भी बहुत कुछ उम्मीद कर सकते हैं, विशेषकर भारत के लिए बहुत सारे मैच जीतने के मामले में। '' फिर वॉशिंगटन ने सुथार की खूबियों और टीम इंडिया के लिए उसे क्या चीज अहम बनाती है, इस बारे में बताया, ''एक असली स्पिनर के तौर पर उसके पास शानदार कौशल है। वह असल में गेंद को कितना स्पिन कर सकता है और गेंद को कितना घुमा सकता है, यह हमेशा से उसकी मजबूती है। '' उन्होंने कहा, ''इतने साल में, कई प्रारूप में, उसने बहुत सारा लाल गेंद का क्रिकेट खेला है। विशेषकर पिछले दो या तीन साल में, और सच में उसने बहुत अच्छा किया है। मुझे लगता है कि वह हर एक गेंद में अपनी पूरी ऊर्जा लगा देता है। वह अपने शरीर का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करता है जो साफ दिखता है।''

## हीना राजगोर चमकीं, भारत विश्व योगासन चैंपियनशिप में 40 स्वर्ण पदक के साथ शीर्ष पर

**अहमदाबाद :** गुजरात की हीना राजगोर ने रविवार को यहां पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारत को स्वर्ण पदक दिलाया जिससे मेजबान टीम ने तालिका में अपनी बढ़त और बढ़ा ली। भारत 40 स्वर्ण, आठ रजत और दो कांस्य सहित 50 पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। जापान ने दो स्वर्ण सहित तीन पदक जीतकर अपने पदकों की कुल संख्या 10 कर ली जिससे देश तालिका में दूसरे स्थान पर है। सिंगापुर दो स्वर्ण सहित छह पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। गुजरात के भुज की रहने वाली राजगोर ने सीनियर बी महिला वर्ग में 'फॉरवर्ड बेंड' स्पर्धा में 43.50 अंक से स्वर्ण पदक जीता। ओमान की प्रीति जैमानी ने रजत पदक जबकि रूस की स्वेतलाना लुकाशा-ेवा और जॉर्डन की माया अल अल-ेस्ताथ ने कांस्य पदक साझा किया। भारतीयों ने उम्मीद के मुताबिक स्वर्ण पदक की रेस में दबदबा बनाया। वहीं जापान ने दो स्वर्ण जीते जबकि रूस और उज्बेकिस्तान ने एक-एक स्वर्ण जीता।

### हिमांशु, दीक्षा, सूरज ने टी4 राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल में दर्ज की जीत

**देहरादून :** हरियाणा के हिमांशु ढिल्लों ने टी4 राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में रविवार को यहां पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल के बेहद रोमांचक मुकाबले में महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने को अंतिम निशाने पर पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। फाइनल के 24वें और आखिरी निशाने से पहले हिमांशु अपने प्रतिद्वंद्वी से 0.2 अंक पीछे थे। उन्होंने इसके बाद 10.6 अंक वाला निशाना लगाया जबकि पार्थ ने 10.3 अंक बनाए। इस तरह बेहद करीबी अंतर से हिमांशु ने जीत अपने नाम की। हिमांशु ने कुल 252.2 अंक हासिल किए। इस स्पर्धा का कांस्य दिल्ली के पार्थ मखीजा ने जीता। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की दीक्षा वैश्य ने शानदार शुरुआत करते हुए पांच निशाने की दूसरी सीरीज में बढ़त हासिल की और दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा। उन्होंने मजबूत चुनौती का सामना करते हुए आशी चौकसे को 1.2 अंकों से पीछे छोड़ दिया और 252.7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### अनिमेष ने ताइपे सिटी में 200 मीटर में रजत पदक जीता

**ताइपे सिटी :** राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी धावक अनिमेष कुजुर ने रविवार को न्यू ताइपे सिटी एथलेटिक्स ओपन 2026 में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में 20.47 सेकंड का समय निकालते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। यह समय उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस 23 साल के धावक का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 20.32 सेकंड है। उन्होंने इससे पहले 20.40 और 20.45 सेकंड का समय भी दर्ज किया था, जिससे रविवार का प्रदर्शन उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ समयों में शामिल हो गया। इस प्रतियोगिता में थाईलैंड के पूरीपोल बोनसोन ने 20.03 सेकंड का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए पहला स्थान हासिल किया। वह इसके साथ ही एशिया के 200 मीटर इतिहास के संयुक्त रूप से तीसरे सबसे तेज धावक बन गए। इससे पहले शनिवार को लंबी कूद खिलाड़ी शैली सिंह ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने भी पहला स्थान हासिल किया था।

## महिला टी20 विश्व कप आईसीसी के समावेशी दृष्टिकोण का उदाहरण : जय शाह



**लंदन :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने रविवार को कहा कि आगामी महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट को अधिक समावेशी बनाने की वैश्विक संस्था की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आईसीसी के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन 12 जून से पांच जुलाई तक ब्रिटेन में आयोजित किया जाएगा। लंदन के वाटरलू ब्रिज पर रविवार को आयोजित भव्य समारोह में सभी 12 टीमों की कप्तानों की मौजूदगी में शाह ने टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा, ''यह महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और उस प्रतियोगिता की शुरुआत का उपयुक्त अवसर भी, जिसे हम अब तक का सबसे रोमांचक और महत्वाकांक्षी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप मानते हैं।'' शाह ने कहा, ''यह आयोजन टूर्नामेंट को लेकर उत्साह और रोमांच को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करेगा तथा 12 जून को बर्मिंघम में शुरुआती गेंद फेंके जाने से पहले प्रशंसकों की उत्सुकता को बढ़ायेगा।'' उन्होंने कहा, ''यह टूर्नामेंट आईसीसी की उस प्रतिबद्धता और विश्वास का एक और उदाहरण है, जिसके तहत क्रिकेट को अधिक समावेशी और वैश्विक खेल बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।''

# व्यापार

## कीमतों में वृद्धि के बाद सरकार का दावा, भारत में दुनिया के अन्य देशों से सस्ता है रसोई गैस सिलेंडर

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी के एक दिन बाद अपने इस फैसले का बचाव करते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में तेज उछाल के बावजूद भारत में परिवारों को रसोई गैस दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सस्ती कीमत पर मिल रही है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलप-ीजी सिलेंडर की कीमत अब 942 रुपये हो गई है, जो पहले 913 रुपये थी। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को साल में चार बार 300 रुपये की सब्सिडी मिलने के बाद सिलेंडर 642 रुपये में उपलब्ध होगा।



हालांकि, पिछले साल यह सब्सिडी साल में नौ बार देने की घोषणा की गई थी। इससे पहले सात मार्च को घरेलू रसोई गैस के दाम 60 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ाए गए थे। इस तरह से 14.2 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर के दाम कुल मिलाकर 89 रुपये बढ़ चुके हैं। ताजा संशोधन से पहले सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को प्रत्येक सिलेंडर की बिक्री पर 703 रुपये का नुकसान हो रह था। सरकार ने बताया कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति बाधित होने के कारण एलपीजी का वैश्विक बेंचमार्क 'सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस' फरवरी के बाद लगभग 46 प्रतिशत बढ़ गया है। इसके चलते घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की वास्तविक लागत 1,600 रुपये से अधिक हो चुकी है। सरकार का कहना है कि घरेलू उपभोक्ता केवल 942 रुपये का भुगतान कर रहे हैं, जबकि शेष लागत का बड़ा हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां और सरकार वहन कर रही हैं। सरकार के मुताबिक, घरेलू एलपीजी पर नुकसान पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर लगभग 60,000 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पहले 41,338 करोड़ थी। इस नुकसान की आंशिक भरपाई के लिए केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम कंपनियों को 30,000 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति देने को मंजूरी दी है। सरकार ने यह भी कहा कि संकट के दौरान देश में एलपीजी की उप-लब्धता बनाए रखने के लिए घरेलू उत्पादन में 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की गई और अमेरिका, कनाडा तथा अल्जीरिया जैसे देशों से अतिरिक्त आयात की व्यवस्था की गई।

## भारतीय कंपनियों को चीन की फर्मों की तुलना में काफी कम सरकारी सहायता मिली: ओईसीडी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारतीय कंपनियों को वर्ष 2005 से 2024 के दौरान चीनी फर्मों की तुलना में काफी कम सरकारी सहायता प्राप्त हुई है। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'ओईसीडी मैजिक डेटाबेस ऑफ इंडस्ट्रियल सब्सिडीज' यह आकलन करता है कि कंपनियों को वास्तव में क्या प्राप्त होता है (न कि सरकारें क्या खुलासा करती हैं)। इसमें 2005-24 के दौरान 15 प्रमुख क्षेत्रों में दुनिया की 525 सबसे बड़ी विनिर्माता कंपनियों का अनुदान, आयकर रियायतें और बाजार दर से कम ब्याज पर ऋण, इन तीन साधनों के माध्यम से आकलन किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया, ''2005 और 2024 के बीच, चीनी कंपनियों को ओईसीडी देशों में स्थित कंपनियों की तुलना में औसतन तीन से आठ गुना अधिक सरकारी सहायता प्राप्त हुई, जो एक न्यूनतम अनुमान है। ये अनुदान ब्राजील, भारत और इंडोनेशिया जैसी गैर-ओईसीडी अर्थव्यवस्थाओं में स्थित कंपनियों को प्राप्त सहायता से भी काफी अधिक था।'' ओईसीडी एक अंतर-सरकारी निकाय है जिसमें मुख्य रूप से 38 विकसित अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। यह सदस्य देशों के बीच आर्थिक वृद्धि, व्यापार, निवेश और नीति समन्वय को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। इसके सदस्यों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश शामिल हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005 और 2023 के बीच विकास करने वाली कंपनियों के वैश्विक बाजार हिस्सेदारी में हुई वृद्धि का लगभग 22 प्रतिशत हिस्सा उन्हें प्राप्त अनुदान के कारण है।

### झारखंड से ब्रिटेन को 'आम्रपाली' आम का निर्यात

**नयी दिल्ली :** भारत ने झारखंड से ब्रिटेन को 1.5 टन ताजा 'आम्रपाली' आम का निर्यात किया है। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। ये आम झारखंड के सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड स्थित बेउरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से प्राप्त किए गए हैं। यह एक पूर्ण महिला किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) है, जो स्थानीय महिला किसानों को संगठित कर कृषि उत्पादन और विपणन का कार्य करती है। आमों की यह खेप चार जून को कोलकाता से ब्रिटेन के लिए रवाना की गई। यह निर्यात झारखंड के कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने और महिला किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## ऊर्जा संकट के मद्देनजर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विकास में तत्परता आनी चाहिए : आईएटीए प्रमुख

**रियो डी जेनेरियो :** मौजूदा ऊर्जा संकट को देखते हुए टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) समेत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विकास में और भी अधिक तत्परता आनी चाहिए तथा इस वर्ष आईएटीए उत्पादन लगभग 24 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है, जो वैश्विक विमान ईंधन उपयोग का केवल 0.8 प्रतिशत है। विमानन कंपनियों के समूह आईएटीए ने कहा कि हाल के दिनों में पश्चिम एशिया संकट के कारण विमान ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है और एयरलाइन की परिचालन लागत भी बढ़ गई है। एसएएफ का उत्पादन बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) ने नवीकरणीय ऊर्जा आपूर्ति का विस्तार करने, नीतिगत समर्थन को मजबूत करने, ईंधन अवसंरचना तक खुली पहुंच सुनिश्चित करने और अन्य उपाय लागू करने का सुझाव दिया है। आईएटीए विश्व भर में लगभग 370 एयरलाइन का प्रतिनिधित्व करता है। आईएटीए के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा, ''मौजूदा ऊर्जा संकट को देखते हुए एसएएफ समेत नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए और अधिक तत्परता दिखाई जानी चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन हमने अब तक ऊर्जा संकट, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की आवश्यकता, रोजगार सृजन और जलवायु परिवर्तन से निपटने की तात्कालिकता को ऐसे प्रोत्साहनों में परिवर्तित नहीं किया है, जो एक व्यवहार्य एसएएफ बाजार बनाने के लिए जरूरी हैं।'' आईएटीए में 'नेट जीरो रिसर्च एंड प्रोग्राम' की प्रमुख प्रीति जैन ने कहा कि एसएएफ का उत्पादन 24 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि उत्पादन क्षमता लगभग 90 लाख टन है।

### सेबी को भेजे थे 400 जीबी दस्तावेज, नियामक ढूंढ नहीं पाया: राजेश एक्सपोर्ट्स

**नयी दिल्ली :** सोना रिफाइनिंग एवं आभूषण विनिर्माण से जुड़ी कंपनी राजेश एक्सपोर्ट्स ने रविवार को कहा कि वह बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को पहले ही 300 से 400 गीगाबाइट (जीबी) के दस्तावेज सौंप चुका है, लेकिन उसका मानना है कि नियामक सही फाइलों को ढूंढ नहीं पाया है। कंपनी ने कहा कि वह इस मामले को सुलझाने के लिए मांगे गए सभी दस्तावेज 15 दिनों के भीतर फिर से जमा करेगी। कंपनी के संस्थापक और चेयरमैन राजेश मेहता ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि सेबी का तीन जून का अंतरिम आदेश, जिसमें वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान 15.15 लाख करोड़ रुपये के कथित राजस्व वृद्धि का आरोप लगाया गया है, एक बुनियादी लेखांकन त्रुटि पर आधारित है।

## दीर्घकालिक निवेश विकल्पों के लिए नियामकों से बातचीत कर रही है एलआईसी : सीईओ

**नयी दिल्ली :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कहा है कि उसके एन्यूटी उत्पादों में निवेश लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में कंपनी को अपनी दीर्घकालिक देनदारियों के अनुरूप अधिक लंबी अवधि वाले निवेश माध्यमों या विकल्पों की आवश्यकता है। इस संबंध में सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) सहित प्रमुख नियामकों के साथ बातचीत कर रही है। एन्यूटी उत्पाद बीमा कंपनियों द्वारा दिए जाने वाले ऐसी सेवानिवृत्ति योजना होता है, जो जमा की गई राशि को नियमित और गारंटी वाली आय में बदल देता है। एलआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक आर दुरईस्वामी ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि एन्यूटी उत्पाद सेवानिवृत्ति कोष को एक गारंटी में बदलते हैं जिसमें लंबे समय तक आय मिलती है। जब कोई इसमें एकमुश्त राशि का निवेश करता है, तो एलआईसी उसे जीवन भर के लिए पेंशन देती है। उन्होंने कहा कि एलआईसी ने अपनी आवश्यकताओं से संबंधित सुझाव बीमा नियामक इरडा के अलावा आरबीआई और सेबी जैसे नियामकों के समक्ष भी रखे हैं। उनके अनुसार, इरडा भी बाजार की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सक्रिय कदम उठा रहा है। दुरईस्वामी ने कहा कि बीमा कंपनियां दीर्घकालिक कोष जुटाती हैं, जिनका उपयोग अवसंरचना विकास और राष्ट्र निर्माण की परियोजनाओं के वित्तपोषण में होता है।

वर्ष 11, पूर्णांक 3616 अंक 082 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in